CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 23°C
सेंसेक्स 82,330.59
निफ्टी 25,019.80
सोना 95,575
चांदी 97,000

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुरादाबाद, शनिवार 17 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 277 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मिचेल स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### थरूर, ओवैसी, सलमान खुर्शीद व मनीष तिवारी समेत 30 सांसद कई मुल्कों में जाकर बताएंगे हकीकत

# ऑपरेशन सिंदूर ट्रेलर है, दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

अहमदाबाद, वार्ता

**बोले-ब्रह्मोस ने पाक को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया, भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला**



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीकः अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां नार्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेन्सी सेन्टर के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेन्सियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। मल्टी एजेन्सी सेन्टर को देश में आंतरिक सुरक्षा को चाक चौबंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस सेंटर में खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एनालाइसिस विंग, देश भर के पुलिस खुफिया विंग और अर्द्धसैनिक बलों की खुफिया इकाई एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने छह मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

### पाक को बेनकाब करने में सरकार का साथ देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विभिन्न देशों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जानकारी देने के लिए सरकार अगर बहुदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल भेजती है, तो कांग्रेस इसमें शामिल होगी। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों की राजधानियों में बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजने पर विचार कर रही है। सरकार अगर यह कदम उठाती है, तो कांग्रेस के सांसद भी उसमें शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की है।

# शाह के बाद देवड़ा ने दिया बेहूदा बयान

जबलपुर, वार्ता

**कहाः पूरा देश, देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक**



**मध्य प्रदेश** के मंत्री विजय शाह के बाद अब प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि पूरा देश, देश की सेना और सैनिक पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। डिप्टी सीएम के इस बयान पर सियासी बवाल हो रहा है।

विपक्ष ने देवड़ा पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे देश की सेना भी प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। पर्यटकों को उनके परिवार के सामने धर्म पूछकर गोली मारी गई। महिलाओं को अलग ले जाया गया और पुरुषों को उनके परिवार के सदस्यों, उनके बच्चों के सामने गोली मार दी गई। तभी हमने ठान लिया कि इस देश के लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों से बदला नहीं ले लेते।

### हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन भाजपा के लोग सेना को अपमानित कर रहे हैं और भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। भाजपा ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है।

### कोचीन हवाई अड्डे से 44.40 लाख की विदेशी मुद्रा जब्त

**कोच्चि।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण अभियान में 15 मई की रात को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया। शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, सीमा शुल्क टीम ने फ्लाइट एसजी18 से दुबई जा रही एक महिला यात्री को रोका। उसके चेक-इन बैगेज की गहन जांच करने पर, अधिकारियों ने 2,00,000 सऊदी रियाल (500 एसएआर × 400 नोटों के मूल्यवर्ग में) बरामद किए, जो लगभग 44.40 लाख रुपये के बराबर है। विदेशी मुद्रा को चेक-इन बैगेज के भीतर एल्यूमीनियम पन्नी की परतों के अंदर चतुराई से छिपाया गया था। आगे की जांच जारी है। सीबीआईसी के मुख्य आयुक्त एसके रहमान के नेतृत्व में तिरुवनंतपुरम जोन के अधिकारियों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

### पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगेः हाईकोर्ट

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय सशस्त्र बल अगले आदेश तक अशांत शमशेरगंज और धुलियान में तैनात रहेंगे और न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को और अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती करने की सलाह दी। अदालत ने कहा कि अगर राज्य के पास पर्याप्त बल होते, तो हिंसा को टाला जा सकता था। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और राज्य दोनों को शमशेरगंज और धुलियान में एक स्थायी सीमा सुरक्षा बल शिविर स्थापित करने पर विचार करने के लिए कहा, ताकि उन क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके जहां गत 11-12 अप्रैल को सांप्रदायिक दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई थी तथा दुकानों और घरों में लूटपाट किया गया था। गुरुवार को आदेश जारी करने के बाद, न्यायाधीशों ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से मुक्त कर दिया और इसे मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगननम को भेज दिया, ताकि दूसरे खंडपीठ के लिए भेजा जा सके।

### 29 राज्यों में आंधी व बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावानी है। बाकी जिलों में हीट वेव के आसार हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीट वेव का येलो अलर्ट है। 14 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान के 6 जिलों मेंअधिकतम तापमान 44.0 डिग्री के पार पहुंच गया। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ज्यादा तापमान (45.8 डिग्री) दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

## रक्षा बजट में होगा 50 हजार करोड़ का इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवम्बर-दिसम्बर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच रक्षा बजट में बढ़ोतरी को लेकर रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया।

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय आकर रहेगा।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहाः हर कोई अखबार में नाम चाहता है**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं, तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी।

### इस्कॉन-बेंगलुरु राधा कृष्ण मंदिर का वैध मालिकः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का एक फैसला पलटते हुए इस्कॉन) सोसाइटी बेंगलुरु को दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया। पीठ ने इस्कॉन-बेंगलुरु की कानूनी और प्रशासनिक स्वायत्तता की पुष्टि करते हुए कहा कि सोसाइटी श्री राधा कृष्ण मंदिर की वैध मालिक है।

### जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी



**रामपुर (ब्यूरो)।** श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहन्त मोहन भारती को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने पर हड़कंप मच गया है। श्रद्धालुओं में भी मैसेज के प्रति उबाल है। जूना अखाड़ के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना मिलक खानम स्थित पीपली वन में बने माता बाल सुंदरी के मंदिर के महंत और श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को गुरुवार को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला है। जिसमें कहा कि बाबा मोहन भारती जूना अखाड़े का अध्यक्ष क्या बना है। अपने आप को बहुत बड़ा समझ रहा है। मोहन भारती सुरक्षा को लेकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में शुक्रवार शाम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के धौला कुआं और फरीदाबाद में शुक्रवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। फरीदाबाद में तेज आंधी और बारिश से सड़कों पर पेड़ टूट गए हैं। वहीं दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम सुहाना हो गया है। नोएडा और गाजियाबाद के आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हवाएं चलती रही। इससे पहले दिल्ली के आरके पुरम इलाके में मौसम सुहाना हो गया। जिससे बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली- एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा हल्की आंधी और बिजली गरजन की संभावना है।

### भगोड़े नीरव मोदी पर कसा शिकंजा

**पीएनबी से 14500 करोड़ के फ्रॉड का है आरोप**

**लंदन।** पीएनबी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की गई है। लंदन की किंग्स बेंच डिवीजन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इसे खारिज किया। भारत की ओर से सीबीआई के वकील ने नीरव की दलीलों का विरोध किया था। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से लोन लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वह जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था। नीरव को साउथ-वेस्ट लंदन से 19 मार्च, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वो वहां की जेल में है। भारत में नीरव के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन केस हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, पीएनबी मामले मनी लॉन्ड्रिंग का केस और तीसरा सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। फरवरी 2021 में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने भी नीरव मोदी को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी।

### बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कश्मीर के बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक आूपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा कि सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोआर्डिनेशन अच्छा था।

## भारतीय कारोबारियों ने तोड़ा तुर्की व अजरबैजान से रिश्ता

नई दिल्ली, वार्ता

**खुदरा कारोबारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया है।

कैट के शुक्रवार को दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन में कहा कि तुर्की और अजरबैजान ने भारत की मदद लेकर अब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दिया है। यह भारत की संप्रभुता और जनता की भावनाओं का अपमान है।

### आईआईटी रुड़की ने इनोनू विवि के साथ एमओयू को किया रद्द

**देहरादून।** देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। मीडिया सेल की प्रभारी श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार आईआईटी रुड़की अपने अतंर्राष्ट्रीय जुड़ाव को राष्ट्रीय हित के साथ जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी समझौता ज्ञापन रद्द किए

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय तथा अन्य विश्वविद्यालयों का अनुसरण करते हुए निजि विश्वविद्यालय लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने भी तुर्की और अजरबैजान के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों को रद्द कर दिया है। एलपीयू की ओर से बताया गया कि इन दोनों देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था।

### मुंबई हवाई अड्डे ने तुर्की की कंपनी से समझौता किया समाप्त

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने तुर्की की विमानन कंपनी सेलेबी के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। क्योंकि भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि सेलेबी को निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं को तुरंत सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## उत्तराखंड में धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद का होगा गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन का उद्देश्य**

**देहरादून।** उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। ये निर्णय शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है।

तीर्थाटन इस क्षेत्र की एक प्रमुख पर्यटन विद्या रही है, जिसमें चारधाम यात्रा, नन्दादेवी राजजात यात्रा एवं आदि कैलाश यात्रा आदि कुछ प्रमुख धार्मिक यात्राएं हैं। वर्तमान समय में बेहतर परिवहन व्यवस्था, सड़क, रेल एवं वायु सेवा की सुलभता के कारण इन यात्राओं - मेलों में तीर्थयात्रियों- श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख धार्मिक यात्राओं, मेलों के उचित प्रबन्धन हेतु एक पृथक नियंत्रण एवं प्रबन्धन इकाई की आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए निम्न उद्देश्यों सहित उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् का गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। इसके तहत धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए समुचित प्रबन्धन एवं संचालन किया जाएगा।

# नकब लगाकर ठेके से देशी शराब की 65 पेटियां चोरी

## पुलिस कर रही मामले की जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** गांव खतापुर के निकट स्थित एक देशी शराब के ठेके पर नकब लगाकर चोर लाखों रुपये कीमत की शराब की पेटियां चोरी कर ले गए।

कस्बा हल्दौर के बालकिशनपुर चौराहे से गंज मार्ग पर गांव खतापुर के निकट भीष्म सिंह देशी शराब की दुकान संचालित है। इस दुकान पर सुशांत सेल्समैन है। ग्रामीणों के अनुसार चोरों ने गुरुवार की रात दुकान के पीछे से दीवार में नकब लगाकर करीब 65 शराब की पेटी चुराकर ले गए। सुबह करीब दस बजे सेल्समैन के पहुंचने पर चोरी होने का पता चला और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। सेल्समैन के अनुसार चोर करीब 65 शराब की पेटियां आदि सामान चुरा ले गए। सेल्समैन के अनुसार करीब 2.60 लाख रुपये की चोरी होने का अनुमान है। पुलिस ने तहरीर के आधार अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# पौधे लगाना वर्तमान व भविष्य दोनों के लिए महत्वपूर्णः सोहराब जैदी



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** धरती पर लगातार बढ़ रहे तापमान से जीवन को जीने के लिए हवा और पानी की बहुत महत्वपूर्ण जरूरत होती है, लेकिन अब पानी की भी कमी होने लगी है। गर्मी के मौसम में नल, समरसेबल व टूवेल्स के पानी में भी कमी आने लगी है, जिसका महत्वपूर्ण कारण पेड़ पौधों की कमी होना बताया जा रहा है। जिसकी वजह से हमारे जीवन में भी परेशानियां आ रही है।

नगर के मोहल्ला मिल्कियान निवासी सोहराब जैदी ने कहा कि वृक्ष ही धरती का पर्यावरण बचाएंगे और प्रकृति को प्रदूषित होने से रोक कर हमें स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्रदान करेंगे। पौधे लगाना एक संस्कार की तरह होना चाहिए। हम सभी को कम से कम अपने घरों के आगे पौधे जरूर लगाना चाहिए। वृक्ष प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार है, इसलिए जरूरी है कि अधिकाधिक वृक्षारोपण किया जाए। इससे प्राकृतिक हरियाली रहेगी और वातावरण भी खुशनुमा रहेगा। आने वाली पीढ़ी को बेहतर जिंदगी मिले, इसके लिए पृथ्वी पर वृक्षों को बचाना होगा। वैसे भी दुनिया में धरती पर कम हिस्से में ही जंगल बचे हैं और प्रतिवर्ष उसमें से भी कम होते जा रहे हैं और यह चिंता का विषय है। अब यह जरूरी हो गया है कि अधिक से अधिक पौधे रोपे जाएं। सोहराब जैदी ने सभी से अपील करते हुए कहा है कि अपने जीवन में कम से कम दो पौधे हर व्यक्ति को लगाने चाहिए। पानी बेवजह बहाने से पानी की कमी होने लगी है। इस पर गंभीरता से ध्यान दें। जरूरत के मुताबिक ही पानी का प्रयोग किया जाए। पानी और हवा कुदरत की वह महत्वपूर्ण चीज है जिस धरती पर रहने वाली सभी जीव लाभ उठाते है। यदि इन दोनों में से किसी एक चीज की भी कमी हो जाए तो हमारा जीवन जीना मुश्किल नहीं बल्कि नामुमकिन हो जाएगा।

# भारत के पाकिस्तान पर जवाबी हमले ने बढ़ाया देश का गर्व



## ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम आतंकी हमले का लिया बदला

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** कुछ दिन पूर्व में हुए पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों का प्रधानमंत्री एवं देश की सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और पूर्व की भांति इस बार भी भारत के सामने पाकिस्तान ने घुटने टेकते हुए सीजफायर पर अमल करते हुए खुद को बचाया लेकिन हमारे देश के सैनिकों के जज्बे को पूरा देश सलाम करते हुए उनकी बहादुरी और पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने के कार्य की सरायना करते हुए नगर के सामाजिक व राजनीतिक लोगों ने अपने विचारों में कहा है कि भारत के रहने वाले सभी नागरिक देश की सेना के साथ खड़े हुए हैं और देश की सुरक्षा में हुए शहीदों पर भी गहरा दुख और उनके परिवार के साथ हमदर्दी रखते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में देश के लिए अपनी शहादत दी है। देश उन्हें कभी भी भूल नहीं सकता।

नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हाजी अख्तर जलील ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारत ने पाकिस्तान के द्वारा किए गए आतंकी हमले का बदला लिया। जिसमें हमारे भी कुछ जवान शहीद हो गए, जिसका सभी देशवासी गहरा दुख कर रहे हैं और खुशी भी इस बात है कि आज पाकिस्तान ने फिर से अपने मुंह की खाई है और भारत ने फिर से पाकिस्तान को हराकर बता दिया है कि देश पर बुरी नजर रखोगे तो तुम्हारा हश्र बुरा होगा।

नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता मोहम्मद अकरम अंसारी ने कहा है कि भारत दुनिया का शक्तिशाली मुल्क है और पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादियों का सहारा लेकर भारत की पीठ पर वार किया है। जिस पर हमेशा भारत ने पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसा ही इस बार हुआ और देश के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान में बड़ी तबाही मचाई है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एमएम पब्लिक स्कूल के संस्थापक आलोक अग्रवाल ने कहा है कि भारत परमाणु हथियारों से लैस देश है लेकिन पाकिस्तान ने पहलगाम हमला किया। जिस पर पूरे देश के नागरिकों में एवं देश के सैनिकों में रोष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सैनिकों ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए पाकिस्तान को फिर से हराया है और ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश के कुछ जवान भी शहीद हुए हैं, जिन्होंने देश के लिए अपनी शहादत दी है।

नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मारूफ जैदी ने अपने विचारों में कहा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों का सरगना मुल्क है और भारत पूरी दुनिया में अमन चाहने वाला मुल्क है। पहलगाम आतंकी हमला इंसानियत पर हमला हुआ था, जिसका देश के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर बदला लिया और पाकिस्तान को फिर से घुटने टेकने के लिए मजबूर किया। पूरे देश की जनता देश के प्रधानमंत्री और देश के सैनिकों के साथ है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अरोड़ा उर्फ राजू भाई ने कहा है कि हमें अपने देश के जाबांज सैनिकों पर गर्व है, जिन्होंने हमेशा पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान पर हमला किया है। हमारे देश के सैनिक और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चला कर पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान से बदला लिया है।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी शाहबाज जमाल ने कहा है कि जब कभी भी पाकिस्तान ने अपने नापाक इरादों के साथ भारत की ओर देखा है तभी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री ओर देश के सैनिकों ने पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर किया है। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारत ने फिर से दिखा दिया कि भारत के सैनिक पाकिस्तान में घुसकर अपने देश का बदला लेते हैं ओर पाकिस्तान हमारे देश के सामने घुटने टेक कर अपनी जान बचाता है जो फिर इस बार किया है।

# श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** ब्लॉक क्षेत्र जलीलपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त प्राथमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीआरसी कार्यालय चांदपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी चांदपुर ने समस्त प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा शिक्षा के प्रति निष्ठा एवं लगन से बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराना, शासन के मंशानुसार विद्यालयों में कार्यों को सत्यापन करना प्राथमिकता का आधार पर रहा है जिसके लिए शिक्षक सम्मान का अधिकार है।

आज इस कार्यक्रम में शिक्षक को सम्मान देना सम्मान का ही विषय है। विकास खंड अधिकारी जलीलपुर, खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कपिल चौधरी शीरे वाले तथा गौरव चौहान (जिला सयुंक्त मंत्री) द्वारा ब्लॉक जलीलपुर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के श्रेष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न्याय पंचायत रसूलपुर नंगला के अंतर्गत सचिन कुमार, गौतम कंपोजिट स्कूल दरबड़, लईक अहमद प्राथमिक विद्यालय महबुल्लापुर ढाकी, आशीष कुमार प्राथमिक विद्यालय अथाई, नीरा देवी प्राथमिक विद्यालय सब्दलपुर खुर्द, नीतू देवी कंपोजिट स्कूल सकतलपुर मिलक, इंदु राणा पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदपुर को श्रेष्ठ शिक्षक के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित अध्यापकों को न्याय पंचायत रसूलपुर नंगला के नोडल प्रभारी राजेश कुमार, कराल नोडल प्रभारी रिजवान अख्तर, विमल कुमार शिक्षण संकुल, मौ. जाहिद, संजीव कुमार वर्मा, मोहम्मद अशरफ, रूबीना मैराज, सुमन, अलका, भावना शर्मा, अरुण कुमार, वीरेंद्र, हूमा, श्वेता रानी, सचिन कुमार पवार, स्वाति चौधरी, मोहम्मद मुस्तफा, नितिन, मनोज कुमार, मोहि. हत चौधरी, एस कुमार, बृहमपाल, मोहम्मद परवेज, खेमपाल, वीर वैभव, कोमल आदि सभी शिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

इस शिक्षक सम्मान समारोह में सीनियर शिक्षक रिजवान अख्तर का विशेष सहयोग रहा।

# कासमपुर गढ़ी में कृषक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत गोष्ठी



शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत न्याय पंचायत कासमपुर गढ़ी गन्ना विकास परिषद/समिति अफजलगढ द्वारिकेश चीनी मिल अफजलगढ़ में कृषक प्रशिक्षण/गोष्ठी का आयोजन किया गया जबकि अफजलगढ़ के साथ 15 मई को ही चांदपुर क्षेत्र में गन्ना पर्यवेक्षक रूबी यादव, दिग्विजय सिंह, शिव किशोर आदि ने जबकि अफजलगढ़ में मास्टर ट्रेनर अनिल धनकर,सत्यवीर सिंह, नकुल कुमार, प्रशांत कुमार, रूपचंद, प्रमोद कुमार, धर्मवीर सिंह पर्यवेक्षक द्वारा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

गोष्ठी मे पंचामृत खेती के सभी अवयव जैसे ट्रेंच विधि से खेती, सहफसली, ड्रिप सिचाई से लाभ, रटून मैनेजमेंट डिवा को हीइस, ट्रेस मूचिंग आदि के साथ साथ कृषकों को कीट रोग के नियंत्रण के लिये यंत्रिक एवं बायोलॉजिकल विधि के बारे मे विस्तार पूर्वक विचार किया गया। समिति सचिव अफजलगढ़ द्वारा किसानों को फार्म मशीनरी, बैंक मे उपलब्ध मल्चर, ट्रेंच ओपनर, चीजलार आदि कृषकों को आसान रेट पर किराया पर उपलब्ध हैं। बताते कहा कि किसानों के लिए समिति गोदामों मे उच्च गुणवत्ता युक्त सभी फंगिसाइड उपलब्ध हैं। उनको यह भी अवगत कराया गया कि कृषक जिला योजना के लाभ से वांछित होंगे, उन्हें योजना मे लाभान्वित कर लाभ दिलाया जायेगा। उधर सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक के नेतृत्व में ग्राम करनपुर गवाड़ी का भी सर्वे टीम द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें सम्बंधित सर्वे स्टाफ कार्य करते मिले। गन्ना परिषद चांदपुर के गन्ना परवेक्षक शिव किशोर एवं रूबी यादव भी सर्वे कार्य मे उपस्थित मिले। अपने निरीक्षण के दौरान विश्वामित्र पाठक ने भारतीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी प्रभारी कैलाश लम्बा का पेड़ी प्लाट देखा तथा उन्हें माह पहले गैप फिलिंग का सुझाव दिया गया था। उन्होंने गन्ना किसानों से संवाद करते हुए गन्ना फसल की अच्छी पैदावार के बारे में शासन द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करने का भी आह्वान किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर....**

71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है। राजनाथ ने कहा कि आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे।

राजनाथ ने कहा कि इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। राजनाथ ने कहा कि कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर के फंड पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, छसीपी-एसपी, बीजद, सीपीआई-एम के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलीगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। एक पार्टी के नेता ने अपना नाम उजागर न करते हुए बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा से जुड़े डिटेल्स शेयर करने के लिए उनसे संपर्क करेगा। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि डेलीगेशन में 5-6 सांसदों के 8 ग्रुप्स होंगे। सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय (एमईए) का एक अधिकारी और एक सरकारी प्रतिनिधि भी जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सांसदों का विदेश दौरा कोआर्डिनेट कर रहे हैं। सां. सदों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्हें अपना पासपोर्ट और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# कश्मीर में सुरक्षाबलों की नई रणनीति रही सफल



**दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी रणनीति में बदलाव किया है, जिसके कारण उन्हें 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली। इस बीच मंगलवार से अब तक दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अवंतीपोरा में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के तीन-तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में आज यहां अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों अभियानों की सफलता सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच 'सहज समन्वय' के कारण है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है। प्रेस ब्रीलफ्ग में सेना के 'विक्टर फोर्स' के जनरल ऑफिसर कमाडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद थे। बिरधी ने आगे कहा कि कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद ऑपरेशन पर अधिक ध्यान दिया गया। इस गहनचितन और समन्वय के आधार पर हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। दोनों ऑपरेशनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। बिरधी ने कहा कि शोपियां और त्राल अवंतोपोरा में एक-एक ऑपरेशन सीआरपीएफ, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच सहज समन्वय के कारण संभव हुआ। उन्होंने इन आपरेशनों में खुफिया एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। इस बीच जैन ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जनरल जोशी ने आपेरशन के बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन 'नादर' त्राल और केलर शोपियां पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा कुछ खास इलाकों को लक्षित करके किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशन अलग-अलग इलाकों में किए गए थे, एक शोपियां के घने जंगलों में और दूसरा पुलवामा जिले के त्राल के आबादी वाले गांव में।

## एक नजर

### सचल न्यायालय का आयोजन



**शेरकोट।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में आज जनपद न्यायाधीश बिजनौर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ग्राम न्यायालय धामपुर के द्वारा शेरकोट नगर पालिका सभागार में सचल न्यायालय का आयोजन किया। इस दौरान 41 वादों का निस्तारण मौके पर किया गया तथा कुल 10550 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गयी। ग्राम न्यायालय धामपुर के पीठासीन अधिकारी प्रधुम्न कुमार मिश्र द्वारा बताया गया कि त्वरित सुलभ एवं सस्ता न्याय प्रदान करने के लिये समय समय पर तहसील धामपुर के विभिन्न क्षेत्रों मे सचल न्यायालय का संचालन होता रहेगा। आज शेरकोट क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के 41 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पेशकार सचिन कुमार सैनी, आशुलिपिक मंजू चौहान, लिपिक वर्षा चौहान, एडीजीसी फौजदारी परवेन्द्र कुमार, अर्दली दीपक कुमार, अधिवक्ता सुमित आयुष कौशिक, कृष्ण गोपाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण



**अफजलगढ़।** गांव हिदायतपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में ग्राम समाज की भूमि पर पिलर खड़े कर अवैध निर्माण कार्य करने से ग्रामीणों में रोष है। शिकायत कर्ता ग्राम प्रधान ऋषिपाल सिंह, महेश चौहान, देवेंद्र सिंह, जावेद अहमद, धर्मेंद्र सिंह, बबलू सिंह, सलीम अहमद, गोपी कुमार, सतवीर सिंह आदि का कहना है कि बाजार में अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने दो दिन पूर्व भी लेखपाल व अन्य अधकारियों से की थी जिस पर मौके पर पंहुचे हल्का लेखपाल गौरव राजपूत व कानूनगो ने कार्य को रुकाव दिया था। किंतु दो दिन बाद फिर कार्य प्रारम्भ करा दिया, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से पैमाइश कराकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। हल्का लेखपाल गौरव चौहान का कहना है कि पैमाइश कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### मासूम बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव में एक 5 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर शुक्रवार को गांव में एक पंचायत हुई। पंचायत में मामले का पटाक्षेप हो गया है। नहटौर क्षेत्र के एक गांव में 6 दिन पूर्व शाम के समय एक 5 वर्षीय बच्ची गांव में ही लगने वाले बाजार से कुछ खाने की चीज लेने के लिए जा रही थी। बच्ची की मां ने आरा. `प लगाया था कि उसकी पुत्री को अकेला देखकर गांव का ही एक व्यक्ति उसे उठाकर सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ अश्लील हरकत की। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई। शुक्रवार को पंचायत में पंचों ने दोनों पक्षों में पटाक्षेप करा दिया। ग्राम प्रधान ने बताया कि बच्ची को डाट फटकार लगाई गई थी। उसकी मां ने आवेश में आकर छेड़खानी का आरोप लगाया था। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि दोनों पक्षों ने गांव में बैठकर समझौता कर लिया है।

## एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव आज

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर का एकदिवसीय अधिवेशन एवं द्विवार्षिक चुनाव कल (आज) के.के. कोचिंग सेंटर नूरपुर रोड ढेला अहीर जनपद बिजनौर में चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ एवं देशराज सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर की संयुक्त देखरेख में संपन्न कराया जाएगा। जिसमें विवेक यादव प्रांतीय अध्यक्ष यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश मुख्य अतिथि जिला, विद्यालय निरीक्षक बिजनौर विशिष्ट अतिथि, कमल कुमार यादव संयोजक, निशांत यादव एवं धीरज चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार चुनाव हेतु 12:00 बजे से 12:30 तक नामांकन, 1:00 बजे नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी, 2:00 बजे से 3:00 बजे तक मतदान तथा 3:00 बजे मतगणना कर परिणाम की घोषणा उपरांत निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न कराया जाएगा। चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा द्वारा चुनाव में सम्मिलित होने वाले सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर चुनाव स्थल पर पहुंचने की अपील की है, जिससे चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण संपन्न हो सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नोएडा एसटीएफ ने हाईवे स्थित ढाबे पर मारा छापा

## बीस हजार लीटर एथेनाल एवं 760 लीटर अपमिश्रित शराब बरामद, तीन आरोपित गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** नोएडा एसटीएफ के इंस्पेक्टर सचिन कुमार के नेतृत्व में एसटीएफ ने काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर रेहड़ क्षेत्र के रायपुरी में स्थित मां जगदम्बा ढाबे पर गुरुवार देर रात लगभग 11 बजे छापेमारी की। जिसमें काशीपुर से एक टैंकर में आया बीस हजार लीटर एथेनाल (रेक्टीफाइड स्प्रिट) बरामद किया गया। इसके अलावा 40 लीटर की 19 केन में 760 लीटर अपमिश्रित शराब को बरामद किया गया है। एसटीएफ इंस्पेक्टर की ओर से रेहड़ थाने में सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। टीम ने मौके से ढाबा संचालक सुनील कुमार सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी में रेहड़ पुलिस भी साथ रही।

पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पहले नोएडा में अवैध शराब बनाने की एक फैक्ट्री पकड़ी गई थी। जिसकी जांच में सामने आया कि शराब बनाने के लिए आरोपित उत्तराखंड के काशीपुर स्थित आईजीएल फैक्ट्री से दवाई कंपनियों को भेजे जाने वाले एथेनाल को टैंकर चालकों व ढाबा संचालक की सांठगांठ से रेहड़ में चोरी करते हैं। आरोपित टैंकरों को रेहड़ में स्थित जगदम्बा ढाबे पर रोक कर टैंकरों से केन में एथेनाल चोरी करते थे। जिसे नोएडा में बेचते थे। इसी आधार पर एसटीएफ ने रेहड़ में छापेमारी की है। टीम ने सात बोरों में 1050 कांच की खाली बोतल और तीन कारें भी बरामद की हैं। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार रात एसटीएफ नोएडा की टीम ने रेहड़ पुलिस के साथ रायपुरी के मां जगदंबा ढाबे की निगरानी कर रही थी। इस दौरान ढाबे पर टैंकर संख्या यूपी 22 टी 5490 तथा एक ईको कार आकर रुकी। ईको कार से नीले रंग के ड्रम निकालकर एक व्यक्ति टैंकर के ऊपर चढ़ा। टैंकर के ढक्कन की सील तोड़कर उसमें प्लास्टिक का पाइप डालकर नीले रंग के ड्रम में एथेनॉल स्पिरिट भरने लगे। जबकि दो व्यक्ति निगरानी करने लगे। एसटीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से इन्हें दबोच लिया। पूछताछ करने पर इस गिरोह के सात लोगों के नाम प्रकाश में आए। एसटीएफ नोएडा के इंस्पेक्टर सचिन कुमार की तहरीर पर रेहड़ थाने में गड्डू पुत्र मजीद निवासी ग्राम मुढ़िया पिस्टल, थाना बाजपुर, उधम सिंह नगर, राम सिंह पुत्र नरपत सिंह निवासी ग्राम निवाद खास मुरादाबाद, ढाबा संचालक सुनील कुमार पुत्र गेंदा सिंह निवासी ग्राम दौलाबाला, थाना डिलारी, जिला मुरादाबाद, भूप सिंह निवासी रेहड़, जिला बिजनौर, सुखविंदर उर्फ सेठी पुत्र अवतार सिंह निवासी ग्राम बेरिया केलाखेड़ा उधम सिंह नगर, शाहिद उर्फ काला निवासी रेहड़, जिला बिजनौर एवं रंधावा निवासी रेहड़ जिला बिजनौर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर गुड्डू, राम सिंह और ढाबा संचालक सुनील कुमार सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया। जबकि शेष आरोपी फरार हो गए। एसटीएफ की टीम ने आरोपियों के कब्जे से बीस हजार लीटर एथेनॉल से भरा एक टैंकर, 19 कैन में भरी 760 लीटर अपमिश्रित शराब, सात बोरों में भरी 1050 खाली बोतलें एवं तीन कार भी बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि शेष की तलाश की जा रही है।

उधर काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर रायपुरी में स्थित जिस ढाबे पर गुरुवार रात एसटीएफ नोएडा ने छापा मारा। यह ढाबा अवैध कार्यों के लिए बदनाम है। काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर ग्राम रायपुरी के जंगल में ग्राम अंगदपुर, थाना जसपुर, जिला उधम सिंह नगर, निवासी लियाकत हुसैन का ढाबा है। इस ढाबे को सुनील कुमार पुत्र गेंदा सिंह निवासी ग्राम दौलावाला, थाना डिलारी, जिला मुरादाबाद ने ठेके पर ले रखा है। नकली शराब बनाने वाले शराब माफियाओं ने काशीपुर उत्तराखंड स्थित आईजीएल फैक्ट्री से स्पिरिट लेकर आने वाले टैंकर चालकों एवं ढाबा संचालक सुनील कुमार से सांठगांठ कर रखी थी। शराब माफिया स्पिरिट से भरे टैंकरों को ढाबे पर रुकवाकर चालकों की सांठगांठ से टैंकर में पाइप डालकर 40-40 लीटर की केन में स्पिरिट निकालते थे और स्पिरिट से भरी कैनों को कारों में रखकर निकल जाते थे। इसके बदले ढाबा संचालक को प्रति कैन की दर से तीन सौ रुपए और टैंकर चालक को मोटी रकम दी जाती थी। ढाबे की आड़ में यह धंधा काफी दिनों से संचालित हो रहा था।

बताया जाता है कि हरिद्वार की ओर से डीजल व पेट्रोल लेकर आने वाले उत्तराखंड के कुछ टैंकर भी इस ढाबे पर रुकते हैं। जसपुर, काशीपुर, उत्तराखंड क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंपों के टैंकर चालकों द्वारा भी यहां पर सस्ते दामों में डीजल व पेट्रोल बेचा जाता है।

### ओवरब्रिज निर्माण से जलभराव की समस्या

**नगीना।** ओवरब्रिज निर्माण के कारण जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। इससे परेशान व्यापारियों और ग्रामीणों ने हाइवे अधिकारियों को घेर लिया। निरीक्षण के लिए आए प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमित प्रणब और टीम लीडर शहजाद शाहिद खान को स्थानीय लोगों ने रोक लिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वे सभी पक्षों को थाने ले गए। एसडीएम आशुतोष राम प्यारे व कोतवाल की मौजूदगी में करीब एक घंटे तक वार्ता चली। हाइवे अधिकारियों ने 10 दिन के भीतर सर्विस रोड पर आरवीएम डालकर कीचड़ और पानी की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर हरप्रीत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष चौधरी वीरपाल सिंह, ग्राम प्रधान इमरान कुरैशी, पूर्व प्रधान असलम कुरैशी सहित कई व्यापारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# जावेद रहमान शम्सी की पुत्री सुरूश शम्सी ने स्कूल टॉप किया

### पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एजुकोल गर्ल्स स्कूल की होनहार छात्रा सुरूश शम्सी ने कक्षा बारहवीं में 87.8% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। इस उपलब्धि पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन नगीना रोड स्थित गुलमोहर प्लेस पर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी श्रीमती रितु रानी रहीं। उनके साथ मंच पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, प्रदेश महामंत्री (महिला विंग) श्रीमती मोनिका रुस्तम यादव तथा एजुकोल गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति अग्रवाल भी उपस्थित रहीं।

सुरुश शम्सी जो इंडियन बुक डिपो के संचालक एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मंडल प्रभारी व अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी की पुत्री हैं को मंच पर स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सुरूश की सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा, असलम फरीदी, अतुल गुप्ता, इरशाद धामपुरी, सुहैल डिजाइनर, सलमान फरीदी, अमित गुप्ता, श्यान शम्सी, मंजीत सिंह सलूजा, नवीन गुप्ता, ऐश्वर्या चौधरी, रुस्तम यादव, शीबा शम्सी, अरुण अग्रवाल, मुनीश गर्ग, राशिद हुसैन, आमिर इदरीसी, शिवेंद्र अग्रवाल, त्रिलोचन सिंह चावला, शोभित मित्तल, अंकुर गोयल, ऊषा रानी, रीता कुमारी, लीना चौहान, उमेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# चंदक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी दवाइयां सही पाई गईं और ऑक्सीजन सहित सभी उपकरण कार्यशील अवस्था में पाए गए।

डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि 102 और 108 एंबुलेंस सेवाएं जनता के लिए वरदान साबित हो रही हैं। आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान कर रही हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शेखर यादव, सुरेश कुमार, रामकिशोर, पायलट अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, सुधीर कुमार और जिला कोऑर्डिनेटर कलीम अहमद मौजूद रहे। डॉ. देवेंद्र कुमार ने स्टाफ की तत्परता और सुविधाओं की उपलब्धता की सराहना की।

यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आपातकालीन सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए किया गया। जिससे क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके।

# शेरकोट में तटबंध की सुरक्षा की जांच

### एडीएम ने किया मौके पर निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर में संभावित बाढ़ से पूर्व तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में जनपद में चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजनाओं के वित्तीय कार्यों के भौतिक सत्यापन तथा कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति के अधिकारियों ने अफजलगढ़ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन खो नदी के बांये किनारे स्थित पिपरजोत तटबन्ध की सुरक्षा हेतु कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समस्त कार्य मानसून से पूर्व समय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-पांच बिजनौर ब्रजेश कुमार मौर्य, उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, चंद्रकुश चौहान एवं गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

### जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय किसान यूनियन का धरना-प्रदर्शन रेंजर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना चल रहा था। कल रेंजर और डीएफओ से वार्ता विफल होने पर डीएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जुलूस के रूप में रेंजर कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पहुंचे राष्ट्रीय किसान यूनियन के किसान पदाधिकारी कार्यकर्ता और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। कलेक्ट्रेट में धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने कहा कि बिजनौर को गुलदार मुक्त करें। प्रशासन को किसी भी किसान पर मुकदमा नहीं लिखने दिया जाएगा। रेंजर भ्रष्ट है। मंडावर क्षेत्र के 100 बीघा के हरे आम के बाग कटवा दिए। जिसकी जांच एनजीटी से कराई जाएगी और जो किसान गुलदार द्वारा अब तक मारे गए हैं। उनका मुकदमा भी रेंजर के खिलाफ कराया जाएगा। राष्ट्रीय किसान यूनियन अनिश्चित कालीन धरना जब तक करेगी, जब तक किसानों के मुकदमें वापस नहीं लिए जाते।

धरना स्थल पर रेंजर बिजनौर और तहसीलदार आए। जिनके साथ राष्ट्रीय किसान यूनियन के पदाधिकारी की वार्ता विफल रही है और धरना अनिश्चितकालीन चलता रहेगा। धरना स्थल पर अर्जुन सिंह जगराम सिंह, दयाराम सिंह, नरवेद्र राठी, भूपेश चौधरी, हरविंदर सिंह, विनीत चिकारा, दारा सिंह, भूरे सिंह, अशोक राजपूत, जयपाल सिंह, अनिल सिंह, लोकेश कुमार, रजत मलिक, मनीष, अखिल, खुर्शीद आदि किसान भाई मौजूद रहे।

## एक नजर

### एएसपी पूर्वी का ट्रांसफर



**बिजनौर।** धामपुर में तैनात एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल का ट्रांसफर हो गया है। उन्हें उप सेनानायक 23वीं वाहिनी पीएसी, मुरादाबाद बनाया है। जबकि बदायूं में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पद पर तैनात अमित कुमार श्रीवास्तव को उनकी जगह भेजा गया है।

### राकेश वशिष्ठ नए सीओ नगर

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक ने पुलिस व्यवस्था में बदलाव करते हुए क्षेत्राधिकारी यातायात, अपराध व आंकिक राकेश वशिष्ठ को क्षेत्राधिकारी नगर, अपराध, आंकिक व एएचटीयू नियुक्त किया है। जबकि मौजूदा क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह को क्षेत्राधिकारी लाइन, यातायात, यूपी 112 व कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### मण्डावली में सोनू व राजकुमार अरेस्ट

**बिजनौर।** मण्डावली पुलिस ने ग्राम कांशीरामपुर निवासी सोनू कश्यप पुत्र विजय एवं राजकुमार पुत्र भूकन को सट्टा खेलने के आरोप में नकदी सहित गिरफ्तार किया है।

### नगीना देहात में राकेश व सचिन अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना देहात थाने में ग्राम टांडा माईदास निवासी एनथनी पुत्र जसवंत सिंह ने कल तहरीर दी थी कि अभियुक्त राकेश पुत्र बाबूराम, सचिन, नितिन, दीपाकर व विनित पुत्रगण राकेश ने उसके पिता जसवंत, चाचा अंकित व भाई विकुल के ऊपर जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने राकेश व सचिन को गिरफ्तार कर लिया है।

### मॉडर्न एरा में बच्चों का सम्मान



**बिजनौर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम पश्चात कक्षा दसवीं के जिला टॉपर, कक्षा टॉपर एवं एग्रीगेट में 90% अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को समस्त विद्यालय के समक्ष विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। साथ ही अपने शुभ वचनों के जरिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीष व आशीर्वाद देकर प्रोत्साहित किया।

### जान से मारने की धमकी

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम भज्जावाला निवासी शाह आलम एड. पुत्र हसम. ुद्दीन ने बताया कि उसकी ग्राम के ही जीशान पुत्र जाकिर, जाकिर, नाजिम, शाकिर, शमशाद पुत्रगण घसीटा से फौजदारी हो गयी थी। जिसका वाद न्यायालय मे विचाराधीन है। उसने बताया कि दूसरे पक्ष के लोग बेहद खतरनाक, दबंग, झगडालू, गिरोहबंद व अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है और उससे व उसके परिवार से रंजिश रखते है। आरोपी उसकी हत्या करना चाहते है। शाह आलम ने बताया कि यह लोग कई बार जानलेवा हमला कर चुके। वह मुकदमें की पैरवी करने न्यायालय नगीना जा रहा था कि उक्त लोगों ने उसे गन्दी-गन्दी गालियां दी और उसकी बाइक रोक कर घेर लिया और उसे लात घूसो से मारा पीटा। उस के शोर की आवाज पर मौके पर राहगीरो ने उसे बचाया। दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और आईन्दा मुकदमे की पैरवी करने आया तो उसे जान से मारने की धमकी दी । उसने उक्त पक्ष के लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी, लेकिन जान माल की सुरक्षा किए जाने की मांग की है।

### मंझेड़ा के रईस व मुकीम अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना नगीना देहात में ग्राम ब्राह्मणवाला निवासी दीपक विश्नोई पुत्र रामवीर सिंह ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने उसके भाई के खेत सहित पड़ौसी बुगराज के खेत से पोपलर व यूकेलिप्टस के पेड़ चोरी से काट लिए। विवेचना के दौरान अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने थाना नगीना के ग्राम मंझेड़ा शकरू निवासी रईस पुत्र मुनीश एवं मुकीम पुत्र सौकीन को लकड़ी, बोलेरो गाड़ी व पेड़ काटने की मशीन के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

### दलित महिला से गैंगरेप में पकड़ा

**बिजनौर।** किरतपुर थाना क्षेत्र में दलित से गैंगरेप के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट की धारा बढ़ा दी है। इस मामले में लविश पुत्र धिरेन्द्र, बाली पुत्र राजे उर्फ राजाराम, नितिन पुत्र विरेन्द्र एवं आशू पुत्र कल्लू निवासीगण ग्राम गाजीपुर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया। फिल्हाल रॉबिन फरार है। इस मामले में पुलिस ने एक किशोर को भी पकड़ा है। उसके द्वारा रेप करने के दौरान पहने गए कपड़े भी पुलिस ने बरामद कर लिए है।

### कुट्टी मशीन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**नहटौर।** मोहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय महिला मोहल्ले में ही एक कुट्टी मशीन पर कुट्टी लेने के लिए गई थी। बताया जाता है कि मशीन के आगे से कुट्टी हटाने के दौरान उसका दुपट्टा मशीन में फंस गया। कुट्टी मशीन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत हो गई। अचानक हुए हादसे को लेकर कोहराम मच गया।

### नीलगाय से टकराई स्कॉर्पियो




**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग पर स्कॉर्पियो सवार युवक काशीपुर से कालागढ़ की ओर जा रहे थे। रास्ते में जंगल से निकलकर नीलगायों का झुंड सड़क पार करने लगा। अधिकांश नीलगायें रुक गईं, लेकिन एक अचानक दौड़ती हुई कार से टकरा गई। पीछे चल रही कार में मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नीलगायों की वजह से क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं आम हो चुकी हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है न केवल सड़क हादसे बढ़ रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलें भी नीलगायों के झुंड से बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलगायों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाने के लिए ठोस नीति बनाई जाए, ताकि लोगों की जान-माल और फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क हादसों में एक की मौत

## शव पीएम को भेजा, आधा दर्जन से अधिक घायल





मृतक ताजुद्दीन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 334 पर तीन अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया तथा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ताजुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम चांदपुर उर्फ उदयपुर थाना रेहड़, क्षेत्र में मुर्गियां सप्लाई करने का व्यापार करता था। शुक्रवार की प्रात: 5:00 बजे वह अपनी मैक्स पिकअप संख्या यूपी20सीटी2886 द्वारा बिजनौर से मुर्गियों को भरकर सप्लाई करने के लिए अफजलगढ़ क्षेत्र आ रहा था। मैक्स पिकअप को चालक मौहम्मद इमरान 30 वर्ष पुत्र मौहम्मद गफ्फार निवासी ग्राम सीरवासुचंद चला रहा था। साथ में परिच. ालक आरिफ 28 वर्ष पुत्र रियासत निवासी उदयपुर थाना रेहड़ तथा ताजुद्दीन 32 वर्ष पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम चांदपुर उर्फ उदयपुर थाना रेहड़ बैठे थे। मैक्स पिकअप जैसे ही भूतपुरी पेट्रोल पंप के समीप पहुंची तो आयशर कैंटर ट्रक संख्या यूके04 सीबी 8506 जिसे चालक विजय पाल पुत्र नोनीराम निवासी ग्राम दनकरा थाना कैमरी जनपद रामपुर चला रहा था जो हरिद्वार से हरदोई जा रहा था। कैंटर में जीरा, छोटी बोतल कोल्ड ड्रिंक भरी हुई थी। आयशर कैंटर ट्रक के चालक द्वारा अचानक ही ब्रेक मार देने के कारण मैक्स पिकअप का चालक नियंत्रण न कर पाने के कारण पीछे से आयशर कैंटर में जोरदार टक्कर लग गई, जिसमें मौके पर ही ताजुद्दीन की दर्दनाक मौत हो गई तथा मौहम्मद आरिफ व मौहम्मद इमरान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे 112 पीआरबी 2455 व पीआरबी 2449 पुलिस कर्मियों इंचार्ज उप निरीक्षक हरवीर सिंह की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मौहम्मद आरिफ व मौहम्मद इमरान को हायर सेंटर रेफर कर। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया तथा आयशर कैंटर को कब्जे ले लिया। परिजनों ने बताया कि ताजुद्दीन का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व हुई उसके दो छोटे छोटे बच्चे हैं, जिनका रो रो कर हाल बुरा हैं। मृतक के भाई नईम अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर आयशर कैंटर चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने जांच का कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

दूसरी सड़क दुर्घटना में बुलैरो कार ने बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों को टक्कर मारकर उड़ाया। एक हालत गंभीर चमकी पुत्र जयपाल सिंह ग्राम मधोरा थाना शेरकोट, सानू पुत्र महिपाल गांव भूतपुरी, विजय सिंह पुत्र श्याम सिंह लुहारवाली थाना बढ़ापुर भूतपुरी स्थित एक शादी समारोह में आयें हुआ थे। शुक्रवार को प्रात: बाइक द्वारा शौच करके रामगंगा नदी से वापस आ रहे थे। जैसे ही व सड़क पर आये तो विपरित दिशा से आ रही बुलैरो कार संख्या यूके04 टीबी 5650 जिसे चालक जगत सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी मौहल्ला जजी कोर्ट निकट शोरम होटल हल्द्वानी जनपद नैनीताल व परिचालक नरेन्द्र पुत्र रमेश. चंद्र लेन नं.2 शांति विहार फेस 2 हरिद्वार चला रहे थे। बुलेरो कार चालक ने बाइक के पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें तीनों बाइक सवार घायल हो गए। जिसमें चमकी नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

तीसरी सड़क दुर्घटना में अफजलगढ़ से काशीपुर की ओर जा रहा एक डंपर थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी के पुल पर दुर्घटनाग्रस्त होकर डंपर संख्या एचआर58ओ 5340 का आधा भाग पुल से नीचे लटक गया, जिसमें परिचालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। चालक परिचालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। डंपर चालक मौ. शाहिद व परिचालक पवन निवासी जनपद संभल अफजलगढ़ से काशीपुर की ओर जा रहे थे कि थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी के पुल पर एक अन्य डंपर को ओवरटेक करने के चक्कर में चालक नियंत्रण को बैठा एवं डंपर का आधा भाग पुल की रेलिंग तोड़ते हुए पुल पर लटक गया चालक परिचालक ने डंपर से कूद कर अपनी जान बचाई, जिसमें परिचालक पवन मामूली रूप से चोटिल हो गया। नदी के पुल का लगभग 20 फिट लंबा भाग क्षतिग्रस्त हो गया।

# डीएम ने दिए आदर्श ग्राम को विकसित करने के निर्देश

## शौचालयों को इस्तेमाल करने की नसीहत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत का निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत शौचालय को अनिवार्य रूप से प्रयोग कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि गांव के बाहर गंदगी न होने पाए और ग्रामीण गुलदार के खतरे से भी सुरक्षित रह सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक एडीओ जिन ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान नहीं हैं, पांच-पांच ग्रामों को चिन्हित कर तीन दिन के भीतर उसकी सूची उपलब्ध कराएं, ताकि खेल के लिए मैदान के लिए भूमि का चिन्हांकन कर वहां खेल गतिविधियों को शुरू कराया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक ग्राम में अभियान चलाकर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के निस्तारण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए और डोर टू डोर कूड़ा एकत्र कार्य को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें।

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि बीडीओ एवं एडीओ ग्राम पंचायत में आय के स्रोत बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करें, ताकि उन स्रोतों से होने वाली आय से ग्राम पंचायत में विकास के कार्य कराया जा सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण पुस्तकालय और अधिक क्रियाशील और बहुउद्देशीय बनाने के लिए कार्य योजना बनाएं और ग्रामीण जनों को स्वयं एवं बच्चों को पुस्तकालयों से लाभान्वित करने के लिए जागरुक एवं प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि रात्रि में अध्ययन करने के लिए प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें और ग्राम प्रधानों को ग्रामीण पुस्तकालय से सम्बद्ध करते हुए उन्हें क्रियाशील करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एडीओ ग्राम पंचायत के सार्वजनिक भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सस्ते एवं टिकाऊ संयंत्रों की स्थापना कराना भी सुनिश्चित करें।

बैठक में डीएम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कार्यक्रम की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत ओडीएफ प्लस की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए संस्थागत व्यवस्था सुनिश्चित करने, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग किये जाने, कूडा-कचरा प्रबन्धन, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण आदि कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## अन्याय के खिलाफ शिवसेना की लड़ाई जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** समाज के किसी भी वर्ग का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं होगा। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई में शिवसेना यूबीटी सदैव सभी वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तत्पर रहेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिवसेना यूबीटी बिजनौर की एक अति आवश्यक बैठक नई बस्ती कालागढ़ में शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव पंडित रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी मुख्य अतिथि ने उपस्थित समस्त शिवसैनिकों को सम्बोधित किया। बैठक में शिवसेना यूबीटी जिला प्रमुख संजय राणा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में शिवसेना के जिला प्रमुख संजय राणा ने दो टूक शब्दों कहा कि सत्ताऐं आती जाती रहती है। किन्तु सभी शासन प्रशासन के अधिकारीगणों को सदैव जनता के बीच में ही रहना होगा। इसीलिए हमें जनता के हितों का सदैव ध्यान रखना होगा। किसी भी क्षेत्र में जनता का उत्पीड़न हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिला प्रमुख संजय राणा ने आगे सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 15 जून को जिला बिजनौर में विराट शिवसेना कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसको शिवसेना यूबीटी के प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह सम्बोधित करेंगे। उनके साथ प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। जिसकी तैयारियां बड़े पैमाने पर की जा रही है। जिला बिजनौर में विराट शिवसेना कार्यकर्ता सम्मेलन अद्वितीय होगा। जिसमें सभी शिव सैनिक बन्धु तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। बैठक में शिवसेना का विस्तार करते हुए कुछ नई घोषणाएं भी की गयी। बैठक को युवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी, भवानी सेना जिला प्रमुख श्रीमती सोनम त्यागी इत्यादि ने सम्बोधित किया।

बैठक में मनीषा देवी, सालनि देवी, कविता देवी, शांति देवी, कमरजीत कौर, राकेश कुमार, ऋषिराम सिंह, दिलावर सिंह, मौहम्मद सुभान अली, विपिन कुमार, कुलदीप सिंह, राजीव कुमार, उपस्थिति रहें। इस अवसर पर जिला प्रमुख संजय राणा द्वारा निम्नलिखित शिवसेना बिजनौर में पदाधिकारियों की घोषणाएं की, तथा अनेक लोगों को शिवसेना की सदस्यता ग्रहण करवाई गई।

बैठक में नगर प्रमुख रफीक खान, सचिव सुनील मानक, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, संगठन सचिव जाहिर खान, उपकोषाध्यक्ष मौहम्मद सुभान अली, सचिव दिलावर खान, सचिव मुकेश कुमार, नगर प्रमुख मनीषा देवी, सचिव-सालनि देवी, कोषाध्यक्ष कविता देवी इत्यादि की घोषणा की गई। बैठक में सैकड़ों शिव सैनिक मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता ऋषिराम सिंह, संचालन डॉ. चन्द्रपाल सिंह ने किया।

# पारिवारिक लाभ योजना के फार्म निरस्त

## डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने पारिवारिक लाभ योजना के आवेदन अधिक संख्या में निरस्त पाए जाने को गंभीरता से लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि किन कारणों और किस स्तर से आवेदनों को निरस्त किया गया है, विवरण सहित उनकी सूची उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उसकी जांच की जा सके।

जल निगम की टंकियां की जांच के लिए जिन अधिकारियों को नामित किया गया था, उनके द्वारा अभी तक जांच आख्या प्रस्तुत न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि यदि तीन दिन के भीतर संबंधित जांच अधिकारियों द्वारा जांच आख्या उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो उनका वेतन आहरित न किया जाए। उन्होंने शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बने सामुदायिक शौचालयों की जांच तथा उनमें बनाए गए महिलाओं के लिए अतिरिक्त शौचालय के मानकों की जांच के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने खराब रैंक प्राप्त होने वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कार्य में सुधार लाएं और आगामी माह में किसी भी अवस्था में उनकी रैंक मानक के विपरीत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर योजनाओं में सी व डी रैंकिंग वाले विभागाध्यक्षों को तेजी से कार्य कराकर स्थिति मजबूत करने के निर्देश दिए।

डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग से विभागीय कार्यों में विशेष प्रगति, उत्कृष्ट कार्य अथवा विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रगति आख्या प्राप्त कर जिला सूचना कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि जन सामान्य को इसकी जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत कम अंक प्राप्त करने वाले एवं निचले स्तर पर रैंक पाने वाले अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रैंकिंग में सुधार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका के अंतर्गत विकास कार्यों से संबंधित प्रपत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय प्रपत्रों का संवेदनशील होकर अध्ययन करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त विभागीय पोर्टल पर सूचनाओं को अपलोड करने से पूर्व सत्यापन करना सुनिश्चित करें।

बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर डीएम ने विभागवार यथा- ऊर्जा, उद्यान, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पंचायती राज, जल निगम, पर्यटन, वन एवं प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, युवा कल्याण, लोक निर्माण, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई एवं जल संसाधन आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर खराब चल रही है, वह अपने कार्य प्रगति पर विशेष फोकस रखते हुए शत प्रतिशत डाटा की फीडिंग सीएम डैशबोर्ड पर करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उनकी रैंकिंग में सुधार हो सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## समय से पहले पांटून पुल को खोलने पर किसानों का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** समय से पहले पांटून पुल को खोलने पर किसानों का धरना शुरू हो गया। ग्राम डैवलगढ़ के सामने गंगा नदी में नांव डुबने से काफी बार हादसे हो चुके थे। जिसमें एक नांव गंगा नदी में डुबने से दस महिलाओं की मौत हो चुकी थी।

उसी को देखते हुए किसानों की मेहनत और सरकार की और से गंगा नदी पर चार वर्ष पूर्व पांटून पुल का निर्माण कराया गया था। जिसमें पांटून पुल को अक्टूबर माह के महिने में लगाया जाता है और बरसात में 15 जून के आसपास उसको खोल दिया जाता है। आज शुक्रवार को क्षेत्र के ग्रामीणों को सूचना मिली की पांटून पुल को ठेकेदार द्वारा खोला जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हो गया और क्षेत्र के रावली, ब्रह्मपुरी, राजारामपुर, डैवलगढ़, रघुनाथपुर, बादशाहपुर, काजीवाला, चाहड़वाला, बीरुवाला आदि बहुत से गांव के लोगों ने पांटून पुल पर पहुंच कर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पांटून पुल का ठेकेदार प्रफुल्ल सिंह आयेदिन किसानों को परेशान करता रहता है। किसानों का कहना है कि पांटून पुल को 20 जून तक चलने दिया जाये। जिससे किसान अपनी फसलों की देखभाल अच्छी तरह से कर सके और बालावाली से लेकर रावली तक के किसानों को कोई दिक्कत न हो पांटून पुल से किसानों को बहुत लाभ मिलता है। नांव का सहारा नहीं लेना पड़ता है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पांटून पुल को 20 जून के आसपास खोला जाये। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों और ठेकेदार प्रफुल्ल सिंह की बातचित में निर्णय लिया गया कि पांटून पुल को कुछ और दिन चलाया जाये। और धरना समाप्त किया गया।

## कृषक गोष्ठी में फसल से संबंधित समस्याओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वारिकेश शुगर मिल बहादुरपुर (अफजलगढ़) द्वारा ग्राम सीरवासु. चंद के घासमंडी स्थित विपणन टिन शेड में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में शुगर मिल एवं गन्ना समिति के अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों की गन्ने की फसल से संबंधित समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए शुगर मिल के महा प्रबंधक द्वारिवेश शुगर मिल बहादुरपुर (गन्ना) उमेश कुमार सिंह बिषेन ने गन्ने की बेहतर से बेहतर फसल उगाने के उपाय बताये तथा फसल में लगने वाले रोगों एवं किसानों की गन्ना फसल के दुश्मन व दोस्त कीटों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान 0238 गन्ने की बुवाई कतई न करें। क्योंकि यह लाल सड़न रोग से प्रभावित है। उन्होंने फसल से अधिक लाभ लेने के लिए उचित समय पर खाद-पानी व दवाएं आदि का प्रयोग करने का भी किसानों से आह्वान किया और बताया कि वर्तमान में गन्ना सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। जिसमें किसान अपने सामने अपने खेतों का सर्वे करा लें और किसी भी समस्या के लिए शुगर मिल स्टाफ से संपर्क कर लें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम लावण्य सिंह कुशवाहा पुत्र शम्भू दयाल सिंह कुशवाहा से बदलकर लावण्य सिंह पुत्र श्री शम्भू दयाल (जन्म तिथि 05.12.1959) निवासी 226, मौहल्ला अफगानान, थाना धामपुर, जिला बिजनौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम तारा से बदलकर तारा देवी पत्नी लावण्य सिंह निवासी 226, मौहल्ला अफगानान, थाना धामपुर, जिला बिजनौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

### विश्व प्रसिद्ध दरगाह-ए-आलिया नज्फ-ए-हिन्द जोगीपुरा की कई दौर की बैठक संपन्न

# चार दिवसीय सालाना मजलिसों की तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर/मुजफ्फरनगर। (ज़िया अब्बास ज़ैदी)।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह-ए-आलिया नज्फ-ए-हिंद जोगीपुरा के प्रशासक गुलरेज हैदर रिजवी ने दरगाह नज्फ-ए-हिंद के सभागार में सालाना मजलिसों की तैयारियों को बेहतर ढंग से कराने के साथ दरगाह से सम्बंधित अन्य मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

गत दिवस हुई बैठक की सदारत दरगाह-ए-आलिया नज्फ-ए-हिंद कमेटी के प्रशासक गुलरेज हैदर रिजवी ने की। जिसमें दरगाह कमेटी से जुड़े कुछ जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक की और दरगाह पर होने वाली चार दिवसीय सालाना मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई 2025 तक होंगी।


मौलाना शफीक


अली जैदी


गुलरेज रिजवी

जिसकी तैयारियों के लिए विचार-विमर्श किया गया और तय किया गया कि चार दिवसीय मजलिसों के दौरान उलेमाओं व जाकरीन के बुलावे की रणनीति बनाई गई। प्रशासक ने बताया कि इस संबंध में शिया वक्फ बोर्ड चेयरमैन की ओर से मौलाना डा. मिर्जा हुसैन शफीक शफक को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। जिसकी मुख्य जिम्मेदारी उन्हीं की रहेगी, जबकि हम सभी लोग उनके सहयोगी के रूप में काम करेंगे। प्रशासक गुलरेज हैदर ने सालाना मजलिसों के सिल. सिले के इंतजामात के साथ-साथ दरगाह पर होने वाले नए कार्यों पर गौर करते हुए विस्तार से चर्चा की। सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। साथ ही दरगाह की तरक्की आदि कार्यों के लिए भी विस्तार से रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर ने कहा कि सर्वप्रथम 22, 23, 24 व 25 मई को होने वाली मजलिसों को कामयाब व बेहतर बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए पहले से और बेहतर जायरीनों के लिए इंतजामात करने होंगे।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सालाना मजलिसों की तैयारियों में ज्यादा से ज्यादा तआवुन करने का आश्वासन दिया और जिसकी जो जिम्मेदारी रहेगी वह उसे बखूबी निभाएंगे।

गुलरेज हैदर ने बताया कि सालाना मजलिसों की कवरेज के लिए इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के दो सीनियर पत्रकारों को नियुक्त किया गया है। जिसमें प्रिंट मीडिया की जिम्मेदारी जोगीपुरा निवासी ज़िया अब्बास ज़ैदी को सौंपी गई है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की कवरेज के लिए जिम्मेदारी ताबिश को सौंपी गई है।

**न्यायालय न्यायाधिकारी**
**ग्रामीण न्यायालय, धामपुर**
परिवाद सं. 816/2024
**शमा परवीन बनाम जान मौहम्मद आदि, थाना धामपुर**
शबनम पत्नी नाजिम
निवासी ग्राम सोलन, थाना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 (2005 का 43) की धारा 12, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24 घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधि. 2005 के अधीन आवेदन फाइल किया है/किए है।

आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए। व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 19 मास 06 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वाहन/अपराहन में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निदेश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्यवाही करेगा।

नियत दिनांक:- 19.06.2025
**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय धामपुर**
**जिला बिजनौर**

**NAGINA URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD.**
**नगीना अरबन कोआपरेटिव बैंक लि.**
पंजीकृत मुख्यालय : सर्राफा बाजार, नगीना, जिला बिजनौर पिन-246762

**महत्वपूर्ण सूचना**

नगीना अर्बन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड नगीना के सम्मानित अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के सामान्य निकाय की 25वीं वार्षिक बैठक दिनांक 30 मई 2025 को सायं 5 बजे दिन शुक्रवार स्थान सुनारों की धर्मशाला नगीना में होनी है। अत: आप सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त दिनांक को समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाए।

**विचारणीय विषय:-**

1. सचिव की रिपोर्ट पर विचार, 2. वर्ष 2024-2025 का आर्थिक चिट्ठा व वार्षिक रिपोर्ट पर चर्चा, 3. वर्ष 2024-2025 का लेखा प्रतिवेदन व लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र पर विचार, 4. वर्ष 2025-2026 के लिए अधिकतम दायित्वों का निर्धारण, 5. वर्ष 2025-2026 के लिए बजट का निर्धारण, 6. वर्ष 2024-2025 के शुद्ध लाभ का वितरण, 7. नगीना अर्बन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड नगीना का आदर्श महिला मर्केंटाइल कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में विलय हेतु प्राप्त योजना पर विचार एवं अनुमोदन, 8. सभापति महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय।

**शीतल कुमार अग्रवाल**
**सचिव**

# तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

## एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवददाता**

**नहटौर।** उप जिलाधिकारी धामपुर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम मुजफ्फरपुर नन्हेड़ा में पहुंचकर 19 लोगों द्वारा तालाब की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम मुजफ्फरपुर नन्हेड़ा निवासी धर्मेंद्र सिंह ने उप जिलाधिकारी धामपुर को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि गांव के 100 बीघा तालाब की भूमि पर 19 लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। साथ ही उक्त तालाब पर कब्जा धारक खेती कर रहे हैं। इस मामले में उप जिलाधिकारी धामपुर ने नायब तहसीलदार विजय कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम गठित करके अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। जिसके सापेक्ष में शुक्रवार को ग्राम मुजफ्फरपुर नन्हेड़ा में राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर 19 अवैध पट्टे धारकों से खेती की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाया।

तहसीलदार विजय कुमार ने बताया कि 19 लोगों के पूर्व में पटटे निरस्त कर दिए गए थे। निरस्त होने के बाद भी उक्त पट्टे धारकों ने 100 बीघा तालाब पर खेती करके अवैध कब्जा कर रखा था। इस मामले में गांव निवासी धर्मेंद्र द्वारा की गई शिकायत के मामले में जांच की गई।

जांच के दौरान सुक्खे सिंह, खूब सिंह, शेर सिंह, रामपाल सिंह, रेवती, रामस्वरूप, टेका सिह, दयाराम सिंह, शौकीन सिंह, बाबू सिंह, नंदी, ऋषि पाल, तेजपाल, ऋषिपाल सिंह सहित 19 पट्टे धारकों के पूर्व में निरस्त हो चुके थे। उसके बाद खेती की जा रही थी। राजस्व विभाग की टीम में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र सिंह यादव, कानूनगो ओमवीर सिंह, हल्का लेखपाल मौहम्मद अकमल, अनिल कुमार गुप्ता, गोपीचंद, प्रदीप तालियान, ब्रह्म सिंह रवि के साथ पुलिस की टीम मौजूद रही।

# विवेकानंद के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

## मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवददाता**

**चांदपुर।** विवेकानंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने हरिद्वार में स्थित देश की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक कंपनी पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का भ्रमण किया। कंपनी के एचआर शुभम जय सिंह और संदीप द्वारा सभी छात्र- छात्राओं को पतंजलि कंपनी में बनने वाले सभी प्रोडक्ट्स की जानकारी दी।

सभी छात्र-छात्राओं को आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में जानक. ारी देते हुए बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से हर रोग का इलाज किया जा सकता है, जिसका कोई दुष्प्रभाव भी शरीर पर नहीं होता है। छात्र-छात्राओं ने कंपनी की यूनिट में हर्बल इंडस्ट्रीज, टेबलेट मैन्युफैक्चरिंग, तेल मैन्युफैक्चरिंग, शिलाजीत मैन्युफैक्चरिंग यूनिट,




कैप्सूल यूनिट, कॉस्मेटिक इंडस्ट्रीज, सर्फ और शैम्पू प्रोडक्शन, एलो वेरा जेल, जूस और दिव्य फार्मेसी यूनिट और कंपनी के वेयर हाउस आदि का भर्मण किया। कंपनी में संदीप द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पतंजलि के सभी उत्पादों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अतुल चौहान ने बताया कि फार्मा कंपनी का भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी रहता है और उनके उज्जवल भविष्य बनाने में उनकी सहायता करता है।

कंपनी के इस भ्रमण में कॉलेज के विवेकानंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) शिवेंद्र अग्रवाल और प्रवक्ता दीपक कुमार, निशा, मोहम्मद सोहेल आदि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में कृष्ण कुमार, समीर अहमद, देशपाल सिंह, प्रशांत कुमार, मोहम्मद अजीम, कहकशा परवीन, विशाखा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# माता रानी की चौकी में उमड़े श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला बाड़वान में आयोजित माता रानी की चौकी में महिलाओं ने जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के भजनों और माता रानी की भेंटों की प्रभावी प्रस्तुतियों से धूम मचा दी। इस दौरान सामूहिक रूप में उच्चारित किए गए पारंपरिक जयकारों से भी वातावरण गूंज उठा।

धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं संच. ालक सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी तथा मां जगदंबा महिला संकीर्तन मंडल की महंत दिलीप रानी के निर्देशन में आयोजित माता रानी की चौकी का शुभारंभ सेवानिवृत शिक्षिका बृजबाला अग्रवाल के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया। मां जगदंबा तथा बालाजी महाराज के दरबार से जुड़ी बहनों कृतिका रस्तोगी, रिद्धि रस्तोगी, और सिद्धि रस्तोगी ने अपने भजनों की सामूहिक प्रस्तुति से धूम मचा दी।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती से किया गया। सामूहिक कन्या पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

# केएस एकेडमी में कशफ आलम सम्मानित

## 5100 की धनराशि ट्राफी व प्रशस्ति पत्र किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली** देहात। के.एस. चिल्ड्रेन्स एकेडमी ने कक्षा 12 टॉपर (96.6 प्रतिशत) कशफ आलम को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कशफ ने अपनी लगन, अनुशासन और कठोर परिश्रम से विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में उन्हें ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, एवं 5100/- की नगद राशि प्रदान की गई।

यह सम्मान विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा विद्यालय की प्रात:कालीन सभा में सभी छात्रों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस




प्रेरणादायक क्षण ने पूरे परिसर को गर्व और उत्साह से भर दिया। शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने इस समारोह को और भी विशेष बना दिया। समारोह को संबोधित करते हुए कपिल अग्रवाल ने कहा कि कशफ आलम जैसे छात्रों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत निरंतर हो और आत्मविश्वास अडिग हो तो कोई भी शिखर दूर नहीं। इसके साथ ही उन्होंने बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन के रूप में निम्नलिखित सुझाव दिए । रोज एक नियोजित समय सारणी बनाकर नियमित अध्ययन करें, विषयों की गहराई से समझ विकसित करें और रटने से बचें। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करें, समय-समय पर अपनी प्रगति का मूल्यांकन करें। कमजोर विषयों को अधिक समय दें और उन्हें नजरअंदाज न करें। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर मन को पढ़ाई में एकाग्र रखें, पर्याप्त नींद और आराम लें ताकि मानसिक संतुलन बना रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा केवल अंकों की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्माण और भविष्य निर्माण का अवसर है। यदि विद्यार्थी पूरे समर्पण और ईमानदारी से तैयारी करें, तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। विद्यालय परिवार की ओर से कशफ आलम को इस अद्भुत उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# धूप और गर्मी की परवाह किए बिना कर रहे पार्टी का प्रचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मोहल्ला सरायमीर निवासी समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद बिना थके बिना रुके पार्टी का प्रचार प्रसार करने में लगे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शमशाद रशीद अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का ख्वाब लिए गांव गांव और शहर शहर जनसंपर्क कर पार्टी का प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम के तहत ग्राम दोधराजपुर, कयामपुर, मीठापुर नाईवाला में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताने की अपील की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। शमशाद रशीद ने बताया कि उन्हें क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की लगातार अनुपस्थिति लिए आक्रोशित लोगों की शिकायतें और नाराजगी देखने को मिलती है।

जनसंपर्क में अभियान में ग्राम प्रधान त्रिलोचन सिंह, उपेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, सतवीर सिंह, करनैल सिंह, सूरज सिंह, राम अवतार सिंह, हेमचंद, दान सिंह, धर्मराज सिंह, अमित चंद, बृजपाल, हरकेश, मुकेश टिंकू इत्यादि लोग साथ रहे।

# प्रियंका स्कूल के पूर्व छात्र ने यूपीएससी में पाई सफलता

## निखिल चौहान ने 619वीं रैंक पाकर पूरे क्षेत्र को किया गौरवान्वित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि इस विद्यालय के पूर्व छात्र निखिल चौहान ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 619वीं रैंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय, नगर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

निखिल चौहान ने वर्ष 2014 में इसी विद्यालय से कक्षा 12वीं की परीक्षा में टॉप किया था। उनकी इस उपलब्धि पर आज विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने निखिल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर निखिल के माता-पिता श्री जसवंत सिंह और श्रीमती अलका रानी भी उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए निखिल ने विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा यह स्कूल मेरे जीवन के निर्माण में एक मील का पत्थर रहा है। यहाँ मुझे न केवल विषयों की गहराई को समझने का अवसर मिला, बल्कि जीवन के विविध पहलुओं को संवारने की प्रेरणा भी मिली। निखिल चौहान ने आईआईटी दिल्ली से वर्ष 2019 में सिविल इंजीनियरिंग में 9.1 सीजीपीए के साथ स्नातक किया। वर्ष 2023 में उनका चयन भारतीय वन सेवा (ifs) में भी हो गया था, परंतु उन्होंने तैयारी जारी रखी और इस वर्ष यूपीएससी में शानदार सफलता अर्जित की। वे कुल 6 बार यूपीएससी परीक्षा में बैठे, जिनमें से 4 बार मुख्य परीक्षा और 2 बार इंटरव्यू तक पहुंचे। यह सफलता उनके धैर्य, निरंतरता और मेहनत की मिसाल है। प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने कहा निखिल ने यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता हमारे वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने शिक्षकों तथा निखिल के माता-पिता को भी शुभकामनाएं दी। निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिति सिंह ने अपने संदेश में कहा कि निखिल की यह सफलता न केवल प्रियंका स्कूल के लिए बल्कि पूरे धामपुर क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की उपलब्धियाँ कठिन परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और शिक्षक- अभिभावक के सामूहिक प्रयासों का परिणाम होती है।

# बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव सदरूद्दीननगर में सुजीव चौधरी के प्रतिष्ठान पर बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई।

भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार के नेतृत्व में बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि जल, जंगल, पर्यावरण बचाओ मिशन के तहत कार्य करने का संकल्प किया गया। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा टिकैत ने अपना पूरा जीवन किसानों के लिये न्यौछावर किया है। उनके ही बताए रास्ते पर चलने पर जोर दिया। बाबा के आंदोलनों को याद किया गया व संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर ब्लाक महासचिव अशोक सैनी, ब्लाक महासचिव संजीव पवार, बृजपाल सिंह, सोनू सैनी, रफीक अहमद, तुंगल सिंह, अरुण कुमार, सुमित कुमार, घनश्याम सिंह आदि मोजूद रहे।

## एक नजर

### सायमन जैदी ने किया नाम रोशन



**कोतवाली देहात।** कोतवाली देहात जैसे एक छोटे से कस्बे से दिल्ली पढ़ने गई सायमन जैदी पुत्री मौहम्मद शब्बन ने जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली से क्लास 12जी आर्ट स्ट्रीम में 97% मार्क्स लाकर दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज तथा गांव का नाम रोशन किया सायमन ने 500 में 485 अंक प्राप्त किये।उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता तथा गुरुजन को दिया। सायमन अपनी पढ़ाई को लेकर शुरू से ही गंभीर रही है। सायमन के पिता की गांव में ही वेल्डिंग की दुकान है। सायमन का सपना है कि वो ग्रेजुएशन के बाद सिविल की तैयारी कर देश की सेवा करेंगी।

### प्रदर्शनी की नीलामी 53.60 लाख में छूटी



**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज के खेल के मैदान की नीलामी तहसील धामपुर परिसर में तहसील सभागार में नायब तहसीलदार नहटौर विजय कुमार की अध्यक्षता में नीलामी की बोली कराई गई। जिसमें अधिकतम बोली बलजीत शर्मा द्वारा 53,60,000 (तिरेपन लाख साठ हजार) में बोली गई। इस प्रकार बलजीत शर्मा के पक्ष में यह बोली छुटी। इस नीलामी में कुल 7 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बोली के समय नायब तहसीलदार नहटौर विजय कुमार, पवन कुमार रजिस्टार कानूनगो, सुभाष चन्द प्रधानाचार्य, डॉ. श्यामलाल गुप्ता, हिरदेश कुमार वरिष्ठ सहायक, भानु प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक, योगेश कुमार कनिष्ठ सहायक आदि उपस्थित रहे।

### साई मिलेनियम का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नूरपुर।** श्री साई पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में मनु यादव ने 93.8% पाकर प्रथम, इशिका गुर्जर ने 84.4% द्वितीय तथा खुशी ने 82% पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई बोर्ड हाइस्कूल में उत्तीर्ण हुए बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ सपा नेता व जिला उपाध्यक्ष लो. केंद्र चौहान ने शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा, संरक्षक मोहित सिंह ने बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सीनियर कोऑर्डिनेटर अमरीन रियाज व जूनियर कोऑर्डिनेटर भावना राजपूत ने बच्चों का उत्साह वर्धन कर भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। सभी अध्यापक गणों ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए हौसला अफजाई की है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर क्रमिक अनशन आज से



## वेतन न मिलने पर बैठक में लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा आरएसएम इंटर कॉलेज की बैठक विद्यालय प्रांगण में आहुत की गई। बैठक में अप्रैल महीने का वेतन न मिलने के विरोध में आज से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर क्रमिक अनशन करने का लिया गया।

बैठक मैं शाखा मंत्री द्वारा अवगत कराया गया की विद्यालय के शिक्षकों का अप्रैल माह का वेतन कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा वेतन बिल जेनरेट करके आज तक विद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिस कारण विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारी को अप्रैल 2025 का वेतन नहीं मिल पा रहा है। बैठक में शिक्षकों के द्वारा वेतन न मिलने के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ शिक्षकों द्वारा बैंक से ऋण लिया है उसकी ईएमआई जमा नहीं हो पाई है, जिस कारण उनका बैंक का क्रेडिट स्कोर भी डाउन हो रहा है।

बैठक में उपस्थित जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि २० मई से विद्यालय में ग्रीष्म अवकाश हो जाएगा और जो विद्यालय में प्रदेश के दूर-दूर के जनपदों के शिक्षक साथी कार्यरत हैं उनका घर जाना है। वेतन न मिलने की स्थिति में उनकी पारिवारिक स्थिति कैसी होगी इस बात पर जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ध्यान नहीं दे रहे है। देवराज सिंह, अतुल कुमार, असित कुमार, चेतन कुमार, पुखराज सिंह, पुष्पराज सिंह, वीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, देवानंद राय, डॉ. एकता विश्नोई, रीता रानी, पुष्पा गहलोत, गायत्री देवी, स्वाति चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मिलेनियम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में सीबीएसई का परीक्षाफल घोषित होते ही बच्चों के चेहरे पर खुशी नजर आई। कोतवाली देहात क्षेत्र के नजीबाबाद रोड पर स्थित मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली में कक्षा दसवीं व कक्षा 12 की छात्र-छात्राओं को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह व प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कक्षा 10 में देवा काकरान 89.4% (सोशल साइंस 94/100), हितार्थ शर्मा 86%,कार्तिक 83.4% व इंटरमीडिएट में अयान अहमद 88.3% ( शारीरिक शिक्षा 96/100), देवांग चिकारा 83.2% अलीशा 81.3% में अंक पाकर विद्यालय में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम एवं शालिनी चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा अध्यापक विनोद कुमार, सचिन कुमार, अर्चना चौधरी, सत्येंद्र कुमार, सोनवीर सिंह मौजूद रहे।

# सेंट मैरी में टॉपर्स को किया सम्मानित

## विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स के सम्मान हेतु एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या सिस्टर शैनेट, स्कूल की मैनेजर सिस्टर फिल्वी, सिस्टर मन्जू व कक्षा 12वीं और 10वीं के टॉपर्स हर्ष प्रताप सिंह व वंशिका चौहान और उनके अभिभावकों तथा अध्यापक विकास सिंह, प्रकाश पंकज व ज्योति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर सिस्टर शैनेट ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने इस वर्ष जिस उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, वह न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। मेहनत, अनुशासन और परिवार व शिक्षकों के सहयोग से ही यह सफलता संभव हो




सकी है। कक्षा 12वीं में हर्ष प्रताप सिंह ने प्रथम, रिन्सी ने दूसरा तथा मधुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की हंसिका चौहान ने भी कई विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किये।

कक्षा 10वीं के परिणामों में वंशिका चौहान ने प्रथम, शिवी गुप्ता, अक्षत, आर्या मारवाड़ी, परी चौधरी, अंश कुमार, तनिष्का, काव्यांश और उत्कर्ष जैसे विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थानों पर जगह बनायी।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक ईशप्रिय, रूपा सिंह, रोबिन, भानु प्रताप, अक्षरा, ऋचिता, पूनम आदि का सहयोग रहा। सभी टॉपर छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व की अनुभूति की।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' क्रान्तिकारी कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने राष्ट्रपति से एक राष्ट्र एक चुनाव की मांग का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा वाहिनी भारतीय जागरूक परिषद के द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी दीपक चौधरी को दिया। जिसमें संगठन द्वारा एक राष्ट्र - एक चुनाव कराये जाने की मांग की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरीश गौतम ने कहा कि हम एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। जिसका उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे को अधिक प्रभावी पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुख्रढ़ बनाए जाने के साथ-साथ लोकसभा और सभी राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ आयोजित करते हुए समय संसाधन और प्रशासनिक खर्चो की बचत करते हुए देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रह सके। एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत पारदर्शी और कुशल बनाया जा सकता हैं जिससे सरकार के कार्यों में निरंतरता आने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी। संगठन प्रमुख नवनीत गाँधी ने बताया भारत में एक देश एक चुनाव कराये जाने के लिए देश के सभी राष्ट्रवादी संगठन एवं बुद्धिजीवी वर्ग चाहता हैं क्योंकि देश में एक साथ चुनाव होने से राष्ट्र व लोकतंत्र मजबूत होगा और देश में अनावश्यक राजनीति और दुश्मनी नहीं होगी। देश का मतदाता एक समय में ही आपना मतदान करेगा तो आपने को सुरक्षित और सहज महसूस करेंगा और देश के अंदर विकास कार्यों में प्रगति होगी क्योंकि चुनाव के कारण आचार संहिता लागू रहतीं हैं तो प्रशासन चुनाव डयूटी में रहते हैं जिस वजह से नये समाजिक-विकासित कार्यों में रूकावट रहतीं हैं। इसलिए देश में एक चुनाव जरूरी हैं इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरीश गौतम, नवनीत गाँधी, सावित्री यादव, जीतपाल आदि रहे।



सम्भल-एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में ज्ञापन देते राष्ट्रीय युवा वाहिनी के कार्यकर्ता।

## चर्चित एएसपी श्रीशचंद का तबादला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा और नेजा मेले को लेकर दिए गए बयानों पर चर्चित रहे अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद का स्थानांतरण हो गया। करीब तीन वर्षों से तैनत रहे अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद सम्भल में हुई हिंसा के बाद से कई मामलों को लेकर काफी सुर्खियों में रहे थे। शुक्रवार को उनका इटावा तबादला कर दिया गया जबकि उनके स्थान पर राजेश कुमार श्रीवास्तव को नया एएसपी बनाकर भेजा गया है।

# गायब महिला का पानी में उतराता मिला शव

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** तीन दिन से गायब महिला का शव हौदरी तालाब में पड़ा मिला। पानी पर उतराते शव देख लोगो में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंचा छोटे बेटे ने पहचान की। पुलिस ने शव पानी से निकलवाया। पुलिस उपाधीक्षक ने मौके पर आकर जानकारी ली। परिजन पीएम कराने से इंकार कर रहे थे। मृतका मानसिक विक्षिप्त बतायी जा रही है।

**○परिजनों ने मानसिक विक्षिप्त बताकर पीएम कराने से किया इंकार**

नगर के मौहल्ला खग्गू सराय परियों वाला मंदिर के निकट निवासी अब्दुल कादिर की पत्नी इकलीमा सुल्ताना (45) तीन दिन पूर्व अचानक सुबह सवेरे घर से गायब हो गयी थी। महिला के परिजन उसकी तलाश कर रहे थे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे अंजुमन के पीछे स्थित हौदरी के तालाब में किनारे पर पानी में उतराता हुआ महिला का शव दिखायी देते ही हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में वहां काफी भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही नखासा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दल-बल के साथ पहुंच गये। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव से काफी दुर्गंध आ रही थी। महिला का शव मिलने की सूचना फैलते ही मृतका का बेटा अबुज़र वहां पहुंचा और उसने उसकी पहचान अपनी मां के रूप में की। रोते-बिलखते बेटे ने घर जाकर इसकी सूचना दी तो परिवार के अन्य लोग वहां आ गए और रोने बिलखने लगे। जानकारी मिलने पर सी ओ कुलदीप कुमार ने पहुंचकर निरीक्षण किया और जानकारी ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर बाद पहुंचे पति व परिजन पीएम कराने से इंकार करने लगे। परिजनों ने महिला को मानसिक विक्षिप्त बताते हुए उसका इलाज मुरादाबाद में चलना बताया।



सम्भल। कर्नल सोफिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री के विरोध में प्रत्यावेदन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

## आज़ाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को भेजा प्रत्यावेदन

# सेना व अफसरों पर टिप्पणी करने वालों को चुनाव लड़ने पर लगे प्रतिबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा देश की बेटी देश की शान कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति को सम्बोधित प्रत्यावेदन सौंपा गया।

जिला मुख्यालय पर प्रदेश महासचिव खिजर गौस के नेतृत्व में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और साहस के लिए उनका सार्वजनिक वंदन और अभिनंदन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, भारत सरकार को प्रत्यावेदन भेजा। प्रत्यावेदन में मंत्री विजय शाह द्वारा की गई टिप्पणियों की घोर निंदा की गई। साथ ही इन टिप्पणियों के बाद मध्य प्रदेश सरकार की प्रतिक्रिया की भी तीखी आलोचना करते हुए अब तक मंत्री को बर्खास्त नहीं किए जाने के को भी पूरी तरह आपत्तिजनक बताया। प्रत्यावेदन में राष्ट्रपति से किसी भी राजनीतिक दल और राजनीतिक व्यक्ति संबंध में कोई भी टिप्पणी नहीं करने के स्पष्ट निर्देश देने और ऐसी कोई मामले का स्वयं संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की गई है। साथ ही सेना और सैन्य अधिकारियों पर टिप्पणी करने पर केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी करने वाले किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को हमेशा के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किए जाने की मांग भी की गई। इस दौरान शाहनवाज चौहान, रागीब हुसैन, फैजान खान, नौशाद अफजल शेख, जरीफ मिर्जा, किशन पाल सैनी, सलीम सलमानी, उस्मान खान, आरिफ मसूदी, मिंटू देवानंद, परग गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

# योग से शरीर व दिमाग दुरूस्त

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** नगर के बाबूराम सिंह कॉलेज में गायत्री शक्तिपीठ बबराला द्वारा योग शिविर में लोगों को योग कराया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

**○बबराला में लगा योग शिविर**

शांतिकुंज हरिद्वार से आये योगाचार्य राम सिंह ने योग कराया। उन्होंने बताया कि योग के उपयोग से शरीर व दिमाग पूर्णता स्वस्थ्य रहता है।योग के कारण मानव जीवन और प्रकृति के बीच सामन्जस्य बना रहता है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का अनमोल उपहार है।स्वस्थ्य मष्तिष्क के लिए योग क्रियाएँ सर्वोपरि हैं। श्रृषि मुनि भी ईश्वर ध्यान के साथ ही योग क्रियाएँ करते थे और स्वस्थ्य रहते थे।योग को जीवन का अंग बनाने से हम रोगों थायराइड, लकवा, मानसिक रोगों से बचे रहते हैं, प्रात: उठकर जल ग्रहण करें, चार बजे उठने से दिनचर्या सही होगी और आलस से बचेंगे। योग को जीवन में अपनाना आवश्यक हो गया है।शिविर में गंगाराम, राधेश्याम शर्मा, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र राघव, राजवंत, राम रहीस यादव, मीना यादव, मोहित यादव मौजूद रहे।

# बीज व दवा दुकानों पर छापे मारकर नमूने लिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** संयुक्त कृषि निदेशक के निर्देश पर खाद बीज एवं दवा की दुकानों पर कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने छापेमारी की कार्रवाई की।उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने पेस्टीसाइड के 5 नमूने लिए। जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार मिश्रा ने बीज के 7 नमूने भरे। जबकि अपर जिला कृषि अधिकारी विजय कुमार द्वारा एक बीज एक खाद का लिया। नमूने लेकर दुकानों की सघन निरीक्षण किया गया कि कृषकों को सही मूल्य पर खाद बीज एवं दवा उपलब्धा हो सके। मक्का जायद में निरीक्षण के कारण जनपद में ओवर रेट की शिकायत नगण्य मिली। गत तीन दिनों से विभाग के द्वारा सघन निरीक्षण किया जा रहा है कि खरीफ के मौसम में कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

# गंगा में डूबी दोनों सहेलियों के शव बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगा किनारे बकरियां चराते गंगा में नहाते डूबी दोनों लड़कियों के शवों को बरामद कर लिया गया है।

**○ गंगा किनारे बकरियां चराने गई थी थी**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा निवासी गौरी 13 वर्ष पुत्री श्योराज, ईशानी 12 वर्ष पुत्री पदम सिंह, मोहनी 11 वर्ष पुत्री भगवानदास तीनों लड़कियां अपनी अन्य सहेलियों के साथ घर से गंगा किनारे बकरियां चराने गई थी। वही घर से रघवीर दास बाबा की मढ़ी पर भंडारे भंडारा खाएंगे कहकर गयी थीं, मगर बकरियां चराते चराते गर्मी होने की वजह से सभी सहेली गंगा में नहाने लगी। नहाते समय अचानक एक बच्ची डूबने लगी और उसे बचाने के चक्कर में गंगा में डूब रही बच्चियों की चींख पुकार सुनकर आस पड़ोस खेतों में काम कर रहे किसान गंगा तट की तरफ दौड़े। उनमें से गोताखोरों ने एक बच्ची मोहिनी को बचा लिया। जबकि दो ईशानी व गौरी का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया था। उनके शव शुक्रवार को मिल गये। किसान गुलशन ने बच्चियों के परिजनों ने बताया कि काफी तलाश करने की कोशिश की लेकिन बच्चियों का कोई पता नहीं चला। परिजनों की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंच गई थी। मौके पर स्थानीय गोताखोर तलाश किया। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि आज मगर दोनों किशोरियों के शव बरामद हो गये हैं।

# भगवान राम व भरत मिलाप के संवाद का हुआ प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेंट स्कूल में भारतेंदु नाटक अकादमी संस्कृत विभाग लखनऊ द्वारा रंग पाठशाला लोकनाटय में सातवें दिन कार्यक्रम जिला संयोजक डा. ममता राजपूत ने भगवान राम व भरत के संवाद का प्रशिक्षण दिया। जिसमें भगवान राम 14 वर्ष के वनवास पर चले जाते हैं और भरत ननिहाल में होते हैं। वह जब अयोध्या आते हैं तब पता चलता है कि माता कैकई ने भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिला दिया है। तो भरत काफी दुखी हुए और भगवान राम को बुलाने के लिए वन के लिए जाते हैं। सभी पात्रें को बड़ी सावधानी के साथ रामलीला का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें भगवान राम व भरत मिलाप के संवाद को किया गया। भरत भगवान राम के खड़ाऊ लेकर अयोध्या आते हैं और सिंहासन पर खड़ाऊ को रखकर अयोध्या पहुँचते हैं।

**○रामलीला का भी दिया प्रशिक्षण**

## कर्नल सोफिया को आतंकवादियों की बहन बताने वाले भाजपा के मंत्री की निंदा

# नफरत फैलाने वालों पर भाजपा करे कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कर्नल सोफिया पर भाजपा के मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी का रोष देश भर में थम नहीं रहा है। उलेमा मशाइख बोर्ड के उपाध्यक्ष ने इसकी निंदा की और देश भक्त महिला का व्यक्तिगत अपमान और भारतीय सेना की कुर्बानियों व देश की गरिमा के खिलाफ अपमान करने वाले पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



भाजपा के मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन वाले ब्यान पर लोगों का रोष बढ़ता जा रहा है।उलेमा मशाइख बोर्ड सम्भल यूनिट के उपाध्यक्ष मुफ्ती मौहम्मद गुलाम रजा व खतीब इमाम अहले सुन्नत बिस्मिल्ला मस्जिद ने कहा कि मुसलमान भारतीय नागरिक और एक जिम्मेदार कौम का हिस्सा है। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा बहादुर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ बयान काबिले मजम्मत है और यह बयान न केवल एक देश भक्त महिला का व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि भारतीय सेना की कुर्बानियों और देया की महिलाओं की गरिमा के भी खिलाफ है। उन्होने कहा कि कर्नल सोफिया ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित किया है। उन्होने अंतर्राष्ट्रीय अभ्यासों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और संयुक्त राष्ट्र मिशन में भी भाग लिया है। ऐंसे निडर और सम्मानित किरदार की महिला को आतंकवादियों की बहन कहना किसी भी स्थिति में माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होने मंत्री से तुरंत बिना शर्त माफी मांगने के साथ भाजपा अपनी पंक्तियों में मौजूद ऐंसे नफरत फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ देश के सिपाहियों, विशेषकर महिला अफसरों का अपमान करने की जुर्रत न कर सके इसके लिए न्यायपालिका इस मामले में कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होने दिन रात हमारी व देश की सुरक्षा करने वालों की इज्जत की हिफाजत पूरे देश, वर्ग और हीरों व धर्मों के लोगों से भी करने का भी आहवान किया।



सम्भल-तुर्की के खिलाफ प्रदर्शन कर सामान की होली जलाते इतिहास संकलन समिति के लोग।

# तुर्की के खिलाफ सड़क पर उतरे इतिहास संकलन समिति के कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** इतिहास संकलन समिति के कार्यकर्ताओं ने तुर्की से व्यापारिक रिश्ते समाप्त करने की भारत सरकार से मांग करते हुए कड़ा विरोधा प्रदर्शन किया।

बहजोई रोड पर स्थित जनता पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर इतिहास संकलन समिति के कार्यकर्ता हाथों में तुर्की के विरोधा में लिखी हुई पटियां लेकर आए। तुर्की तुर्की हाय हाय, तुर्की तुर्की मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भारत सरकार से पुरजोर मांग की कि तुर्की से सभी प्रकार के व्यापारिक औद्योगिक सामाजिक रिश्ते तुरंत समाप्त किए जाने चाहिए।

इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि तुर्की का मार्बल और सेब का आयात तुरंत बंद होना चाहिए। भारत से तुर्की पर्यटन हेतु जाने पर पाबंदी लगनी चाहिए। तुर्की में बनी हुई फिल्म और सीरियल को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए तथा तुर्की से भारत में अब तक जितने भी एम ओ यू हुए हैं उन्हें तुरंत रद्द कर देना चाहिए। उन्होंने बताया कि तुर्की से सभी व्यापारिक रिश्ते बैंन होंगे तो तुर्की घुटनों के बल आकर भारत से माफी मांगेगा। जिला कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने कहा कि तुर्की एहसान फरामोश देश है। तुर्की को तुरंत दुश्मन राष्ट्र की सूची में डालना होगा और तुर्की से दुश्मन राष्ट्र जैसा व्यवहार करना होगा। जिला बौद्धिक प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा तुर्की पर सभी प्रकार के प्रतिबंध ा लगाकर यह बता देना चाहिए कि भारत के दुश्मन की सहायता करना भारत से शत्रुता करने के समान है। इतिहास संकलन समिति के कार्यकर्ताओं उमेश सैनी, सुभाष चंद्र शर्मा, रोहित वाल्मीकि, अमित शुक्ला, सुनील राजपूत, प्रिंस शर्मा एडवोकेट, अरविंद शंकर शुक्ला, कशिश कौशल एडवोकेट, वेद प्रकाश उर्फ पप्पू, सुशील कुमार शर्मा, तुषार सैनी, देवराज सिंह, नमन कौशिक, वंश सिंह आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को सहायता करने पर तुर्की की घोर निंदा की और अपना रोष व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं के हाथों में तुर्की से व्यापार बंद करो, तुर्की की पिक्चर सीरियल मत देखो, तुर्की का सेब मार्बल नहीं चाहिए, तुर्की हमारा दुश्मन है, तुर्की तुर्की हाय हाय, तुर्की का पर्यटन बंद करो, तुर्की का एम ओ यू रद्द करो जैसी पटियां बैनर लेकर कार्यकर्ता तुर्की का विरोध कर रहे थे और दूसरे हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय जयकारकर रहे थे।

# आठ नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र में पुरानी रेंजिश में खेत पर मारपीट करने तथा फायरिंग कर एक व्यक्ति के गोली लगकर घायल होने और अन्य के चोटिल होने के मामले में एक पक्ष की तहरीर पर कैलादेवी थाना पुलिस ने आठ लोगों को नामजद करते हुए 10 से 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ज्ञान प्राप्ति के बाद बुद्ध ने सुनाया अपना अभिनव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के पीएमश्री विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ के तत्वाधान में ग्रीष्म कालीन बुद्ध पथ प्रदीप कार्यशाला में तीसरे दिन बुद्ध की प्रतिमा के सामने विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप किशोर शर्मा ने मोमबत्ती प्रज्वलित कर तीसरे दिन कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला में सत्यवीर आनन्द ने कहा कि बुद्ध को पीपल के वृक्ष के नीचे ध्यान शुरू करने के बाद उन्हें पूर्व जन्म को याद करके वस्तुएं किस प्रकार से अपना रूप लेती है और किस प्रकार नष्ट हो जाती है। इस पर विचार किया अपने मस्तिष्क को पवित्र कर वेदना कैसे आती है और कैसे नष्ट हो जाती हैं। उनको बहुत करीब से देखा। वेदनाओ को नष्ट कर मुक्ति प्राप्त की और सात दिन ज्ञान के बाद बैशाख पूर्णिमा वाले दिन जब उनका धयान टूटा तो उन्होंने पहले बौद्धिक वृक्ष को नमन किया क्योंकि इस वृक्ष ने ध्यान साधना के समय उनको छाया प्रदान की थी। उसके बाद बोधगया में उपस्थित तपस्स व भल्लुक नामक व्यापारियों को सर्वप्रथम उन्होंने अपना अनुभव सुनाया इन दोनों ने तथागत बुद्ध से शिष्य तत्व ग्रहण करके पहले ग्रस्थ धर्मानुयायि होने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्हें ऐसे व्यक्तियों की तलाश थी जो कि उनके ज्ञान को सरल तरीके से समझ सके और संसार के लोगों का कल्याण कर सके। फिर उन्हें अपने पांच साथियों की याद आई जो उन्हें छोड़कर सारनाथ चले आए। बुद्ध ने उन पांचो को तलाश करते करते सारनाथ पहुचे और सारनाथ पहुंचकर उन्होंने संबोधि की अनुभूतियों को उन पाचो के साथ साझा किया और उन पांचो को पहला प्रवचन दिया। जिसे धम्म चक्र पर्वतन नाम दिया गया। और प्रत्येक दिन वहां पर अपना प्रवचन करते रहे। अपने जीवन के अंतिम 45 वर्षों तक बुद्ध ने सत्य पर आधारित अपने दर्शन के ज्ञान का प्रचार प्रसार किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रूप किशोर शर्मा, योगेंद्र सिंह, योगेंद्र राजपूत, पवन लता, सरोज, चंचल रानी, पूजा, सावित्री देवी आदि विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



बबराला-पीएम श्री विद्यालय स्थित बुद्ध पथ प्रदीप कार्यशाला में जानकारी देते।

# पुलिस ने बड़ी मात्रा में बरामद किया दूध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना एचौड़ा कम्बोह पुलिस ने दूध बरामद कर जबकि नकली दूध बनाने में प्रयोग की जाने वाली सामगी भी बरामद की है। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया गया।



शुक्रवार को एचौड़ा कम्बोह पुलिस ने ग्राम गौंजनी मिलक से शौकीन पुत्र दिलावर निवासी ग्राम गौंजनी मिलक व रहमान पुत्र बाबू नि. मौहल्ला अबबासियों वाला रायसत्ती थाना नखासा, मौहममद हुसैन पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम बिलालपत थाना असमोली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 450 लीटर प्लास्टिक के टैंक में एक एल्यूमीनियम की कैन में 40 लीटर, नीले ड्रम में 80 लीटर दूसरे ड्रम में पचास लीटर दूध बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने नकली दूध बनाने में प्रयोग की जाने वाली सामग्री एक प्लास्टिक की कैन में ग्लूकोज सीरप लगभग दस किलोग्राम एवं एक मिल्क पाउडर स्काइट मीट एसपीएम तीस किलो एक सादा पन्नी में पाउडर जैमिनी रिफाइंड व सोयाबीन रिफायंड ऑयल के साथ दो खाली ड्रम बरामद किये। बताया जा रहा है कि बरामद किया गया दूध सिंथेटिक है। इसकी जांच करायी जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों का चालान कर दिया जबकि कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** खेत पर मक्का की फसल की सिंचाई करते तेंदुआ दिखाई देते ही शोर मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जबकि सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी पहुंच गयी। टीम ने जंगल में तेंदुए के पांव के निशान देखे।

तहसील क्षेत्र के गांव मऊभूड के जंगल में गुरुवार की शाम 7:00 बजे मऊ भड़ निवासी बिशारत अपनी मक्का के खेत में पानी लगा रहा था तभी अचानक खेत के चकरोड पर तेंदुआ जाता हुआ दिखाई दिया जंगल में तेंदुआ होने की सूचना पर ग्रामीण इकटठा हो गये ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी शुक्रवार को वन विभाग के डिप्टी रेंजर मनीष कुमार साथ में विजयपाल बीट प्रभारी जंगल में पहुंचे और पैरों के निशान देखे। ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है लोग जंगल में पशुओं को चारा लेने जाने के लिए भयभीत है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग अधिकारियों को दी वन विभाग के डिप्टी रेंजर मनीष कुमार व बीट प्रभारी विजयपाल सिंह जंगल में पहुंच गए। उन्होंने मक्का के खेत में पदचिन्हों को देखकर कहा कि दोबारा दिखाई देने पर पिंजरा लगाया जायेगा।

**○ग्रामीणों में दहशत जंगल में चारा आदि लेने जाने से कतराये**



**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र शहजाद मौ. असलम कुरैशी व उसकी पत्नी हुमा नि.गण मौ. चौधरी सराय हाल नि. मुम्बई गलत संगत में पड़ गए है। और आय दिन झगड़ा फसाद करते है। मैंने अपने पुत्र शहजाद मौ. असलम कुरैशी व उसकी पत्नी हुमा को बहुत समझाया मगर वह दोनो बाज नहीं आए। मजबूर होकर मैने दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने घर से निकाल दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का दोनों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं रहा न आइंदा होगा। बल्कि वह दोनो अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ.असलम अझगर कुरैशी**
**पुत्र अझगर कुरैशी**
नि. चौधरी सराय तह. व जिला सम्भल
हाल नि. 271/ए ग्रांट रोड मुम्बई।

# नौकर ने की थी बुजुर्ग महिला की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की परंपरा सोसायटी में केमिकल कारोबारी किशन रस्तोगी की मां प्रमोद रस्तोगी की हत्या करने वाले नौकर सचिन सक्सेना को पुलिस ने ब्रहस्पतिबार को गिरफ्तार कर लिया पुलिस पूछताछ में आरोपी ने लूट के विरोध पर हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपी के पास से लूटे गए जेवर भी बरामद हुए पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। 5 मई की सुबह कारोबारी अपनी पत्नी रेखा बेटे ईशान के साथ बेटी के पास गए थे। घर में मां प्रमोद रस्तोगी की देखभाल के लिएं कोतवाली के चोमूका पुल निवासी नौकर सचिन और सिविल लाइंस की हिमगिरी कालोनी निवासी नौकरानी अनीता को छोड़ गए थे एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के अनुसार 8 मई की दोपहर करीब 2:00 बजे नौकर सचिन प्रमोद रस्तोगी की हत्या कर उनके जेवर लूट कर भाग गया था वहस्पतिवार को पुलिस ने सचिन को दबोच लिया उसने पूछताछ में बताया कि, नौकरानी अनीता उपरी मंजिल पर साफ सफाई कर रही थी कारोबा. री की मां नीचे ही अपने कमरे में सो रही थी सचिन को नाशा करने के लिएं पैसों की जरूरत थी उसने प्रमोद रस्तोगी के कंगन उतार ने की कोशिश की उसी दौरान वह जाग गई और विरोध करने लगी अपने बेटे से शिकायत करने की बात कही तो सचिन ने पास में रखी हॉकी उठाकर उनके सिर में मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। कारोबारी ने हत्या के बाद थाना सिविल लाइन पुलिस को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी जांच के आधार पर सचिन का नाम खुलकर सामने आया पुलिस ने सचिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया



## पंडित मदन मोहन व्यास की स्मृति में सम्मान समारोह 23 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्यकार एवं संगीतज्ञ पंडित मदन मोहन व्यास की पुण्यतिथि पर साहित्यिक की ओर से 23 मई को उनकी स्मृति में सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम लाजपत नगर स्थित श्री रामलीला मैदान के सभागार में सायं साढ़े चार बजे होगा।

साहित्यिक के संस्थापक संयोजक डॉ मनोज रस्तोगी ने बताया कि आयोजन में स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा होगी। उनके गीतों का सस्वर पाठ होगा। इस अवसर पर साहित्यकार राम अवतार रस्तोगी शरणागत को पंडित मदन मोहन व्यास स्मृति सम्मान से सम्मानित तथा उनकी पुस्तक श्री हरि वंदना का लोकापर्ण भी किया जायेगा।

कार्यक्रम के सह संयोजक मनोज तथा मुकुल व्यास होंगे।

## एक नजर

### टीएमयू के प्रो. राजुल की झोली में इलेट्स हेल्थकेयर इन्नोवेशन अवार्ड

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू हॉस्पिटल में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी को इलेट्स हेल्थकेयर इन्नोवेशन अवाड्र्स 2025 के तहत एक्सीलेंस



इन हेल्थकेयर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट अवार्ड से नवाजा गया। प्रो. रस्तोगी समेत आधा दर्जन हेल्थकेयर लीडर्स के संग-संग करीब दो दर्जन स्वास्थ्य सेवा संगठनों को भी विभिन्न श्रेणियों में अवार्ड से नवाजा गया है। इलेट्स हेल्थकेयर इन्नोवेशन समिट के 15वें इलेट्स हेल्थकेयर इना. वेशन अवाड्र्स 2025 में एक्सोनिक हैल्थ प्रा. लि. के को-फाउंडर एंड चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर, कंसल्टेंट सर्जन प्रो. अभय चोपड़ा ने प्रो. रस्तोगी को सर्टिफिकेट और ट्राफी देकर सम्मानित किया। ईहेल्थ मैगजीन के सहयोग से इलेट्स टेक्नोमीडिया की ओर से मुंबई के कोर्टयार्ड बाय मैरियट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आयोजित समिट की थीम एआई-त्वरित हेल्थकेयर के अगले युग को आकार देना रही। समिट का उद्देश्य हेल्थकेयर के बेहतरीन दूरदर्शी, परिवर्तनकर्ता और इन्नोवेटर्स को एक मंच पर लाना था। समिट में अस्पताल और फार्मा में रणनीतिक एआई निवेश, भारत की स्वास्थ्य सेवा साइबर सुरक्षा क्रांति, एआई-संचालित आपूर्ति श्रृंखला और रोगी अनुभव के लिए एआई और बुद्धिमान निदान सरीखे ज्वलंत विषयों पर पैनल डिसक्शन भी हुआ।

### सूरज ढलते ही मूंढापांडे क्षेत्र में शुरू हो जाता है अवैध खनन का खेल

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा तेजी से पनप रहा है। जैसे ही दिन का सूरज ढलता है, वैसे ही क्षेत्र के कई गांवों में जेसीबी मशीनों और डंपरों की गड़गड़ाहट सुनाई देने लगती है। यह सिलसिला रात भर चलता है, और सुबह होते-होते खनन माफिया मौके से गायब हो जाते हैं।सूत्रों के अनुसार, मूंढापांडे क्षेत्र के दर्जनभर गांव सहित



अन्य स्थानों पर रात के अंधेरे में खुलेआम मिट्टी और बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। यह सब प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन कार्रवाई न के बराबर दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन से जहां एक ओर पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव की सड़कों की हालत भी खराब हो गई है। भारी वाहनों की आवाजाही से धूल और गड्ढों ने ग्रामीणों की परेशानी बढा दी है।

### लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा दो घायल



**मुरादाबाद।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे गत्ता फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार 18 टायर टेलर ने मारी टेंपो में टक्कर टक्कर लगने के बाद साइड में एक साइकिल सवार भी चपेट में आ गया राहगीरों की मदद से टेंपो चालक व साइकिल सवार को गंभीर हालत में बाहर निकला गया मौके पर पहुंची पुलिस ने टेलर में भारी प्लाई बोर्ड को राहांगीरों की मदद से हटवाया और देखा कि इसके नीचे कोई भी दवा नहीं है तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली टोल कर्मी ने बताया कि तेज रफ्तार टेलर ने टेंपो ब साइकिल में टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार टेंपो चालक बुरी तरह से घायल हो गए दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएससी मूंढापांडे भिजवा दिया गया है यह हादसा सुबह 8:30 बजे हुआ था पुलिस और टोल कर्मियों की मदद से एक साइड में लगे जाम को भी खुलवा दिया गया है।

### प्रभारी मंत्री के सामने रखा बिजली और ओवर ब्रिज का मुद्दा

**कांठ।** कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रभारी मंत्री अनिल कुमार



का मुरादाबाद आगमन हुआ। जिनका राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचि. चव अमन ढिल्लो ने स्वागत किया। मंत्री द्वारा अधिकारियों के साथ सरकारी कार्यों की समीक्षा के उपरांत अमन ढिल्लो ने क्षेत्र की लचर विद्युत व्यवस्था के बारे में बताया और लोगो की मांग के अनुरूप सलेमपुर बिजलीघर के कुछ गांवों को भीकनपुर से जोड़ने की मांग रखी। उन्होंने कांठ में रेलवे फाटक पर हो रही लोगों की परेशानियों को देखते हुए यहां ओवर ब्रिज बनवाए जाने की मांग भी अनिल कुमार से रखी उन्होंने इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर पूरा कराने का भरोसा भी दिलाया।

## सीबीएसई बोर्ड से 96 प्रतिशत अंक लाने पर आफिया परवेज को किया सम्मानित



**कांठ।** नगर निवासी हाजी परवेज की पुत्री आफिया परवेज ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा देकर 96 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया।

छात्रा की इस उपलब्धि पर ठेकेदार जुल्फिकार उनके घर पहुंचे और आफिया परवेज को सम्मानित किया। उन्होंने बच्ची को अच्छी तालीम दिलाने वाले उनके माता-पिता को भी शुभकामनाएं दी और उनसे इसी तरह से अच्छे अंक लाकर देश का नाम रोशन किए जाने का आह्वान किया

## टीएमयू आईकेएस की निबंध प्रतियोगिता में टिमिट की स्टुडेंट सौम्या सक्सेना अव्वल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र- आईकेएस की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की छात्रा सौम्या सक्सेना विजेता रही। सौम्या ने धर्म, स्ट्रेटजी एंड सक्सेन इन एंसिएंट इंडियन पर अपना निबंध लिखा था। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विजेता छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। फैकल्टी ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की श्रुति जैन ने एंसिएंट इंडियन लैंग्वेजेज पर निबंध लिखकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित ने छात्रा श्रुति के उज्जवल भविष्य की कामना की। फैकल्टी ऑफ एजुक. ेशन की अदिति राजपूत को म्यूजिक एंड डांस इन एंसिएंट लिट्रेचर और टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के अभिषेक चौहान को मैनेजमेंट एंड गवर्नेंस इन एंसिएंट इंडियन लिट्रेचर: द लीगेसी ऑफ चन्द्रगुप्त मौर्य एंड चाणक्य के लिए संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर रहे। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने विजेताओं को हार्दिक बधाई दी है। इन विजेताओं को टीएमयू के कुल. पति प्रो. वीके जैन ने ट्राफी और सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया। पूरी यूनिवर्सिटी से प्रतियोगिता में लगभग 100 निबंध प्राप्त हुए। प्रतियोगिता के मूल्यांकन मंडल में डॉ. अलका अग्रवाल के संग-संग डॉ. विवेक पाठक, डॉ. अमीषा सिंह आदि शामिल रहे। संचालन टीएमयू के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने किया।




## टिमिट में आयोजित अतिथि व्याख्यान: 'स्नातक के बाद करियर की राहें' पर प्रेरणादायक सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष अतिथि व्याख्यान का वैश्विक परिदृश्य में करियर चुनने की रणनीतियों और कौशल विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया कि आज की




आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय था ''स्नातक के बाद करियर की राहें'' और इसे संबोधित किया। द प्रेप बार्ड के निदेशक श्री राजकुमार गुप्ता ने।श्री गुप्ता ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को न केवल विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी, बल्कि बदलते प्रतिस्पर्धा में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, निरंतर सीखने की इच्छा, और व्यावसायिक दक्षता ही उन्हें भविष्य में सफलता दिला सकती है।कार्यक्रम के अंत में टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने मुख्य अतिथि श्री राजकुमार गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनके सारगर्भित मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ''श्री गुप्ता के विचारों ने हमारे विद्यार्थियों को न केवल करियर की दिशा में नया दृष्टिकोण दिया है, बल्कि उन्हें आत्ममंथन के लिए भी प्रेरित किया है। इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के जीवन में मील का पत्थर साबित होते हैं। मैं श्री गुप्ता का हृदय से धन्यवाद करता हूँ और हमारे सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल, सफल और गौरवपूर्ण भविष्य की कामना करता हूँ।

हमारा संस्थान सदैव विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।''कार्यक्रम में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्याख्यान न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी हुआ।

## प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में दसबा राष्ट्रीय डैंगू दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मानसून से पूर्व रोग नियंत्रण गतिविधियों को बढ़ावा देना था जिससे डैंगू रोग नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित कर डैंगू रोग को नियंत्रित किया जा सके एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ जागरूकता भी सुनिश्चित की जा सके । इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए डैंगू दिवस को विद्यालय में मनाया गया और बच्चों को डैंगू रोग के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक और उत्तर उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आस पास स्वच्छता रखें ,पानी ढककर रखें ,बरसात का पानी इकट्ठा नहीं होने दे ,मच्छरदानी का प्रयोग करें और डैंगू नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायें इस अवसर पर सुर्यलता ,पारुल मेहरोत्रा ,अनीता बचन ,पूजा कुमारी ,ममता रानी उपस्थित रहीं।



## एबीसी किड्स मांटेसरी में हुआ राज्य मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मांटेसरी में दो दिवसीय अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान राज्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न भारतीय राज्यों की समृद्ध विरासत, नृत्य, भोजन स्मारक कलाकृति और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया गया। संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि भारत की संस्कृति एक अत्यंत विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जिसमें सामा. जिक मानदंडों, नैतिक मूल्यों, पारंपरिक परंपराओं, विश्वास प्रणालियों, राजनीतिक प्रणालियों, कलाकृतियों और प्रौद्योगिकियों का समावेश है। भारत की संस्कृति में भाषाएं, धर्म, नृत्य, संगीत, वास्तुकला, भोजन और रीति-रिवाज देश भर में अलग-अलग होते हैं लेकिन इनमें एक मजबूत एकता भी देखी जा सकती है। भारत विभिन्न संस्कृति, नस्ल, भाषा और धर्म का देश है। ये "विविधता में एकता" की भूमि है जहाँ अलग-अलग जीवन-शैली और तरीकों के लोग एकसाथ रहते हैं वो अलग आस्था, धर्म और विश्वास से संबंध रखते हैं। इन भिन्नताओं के बावजूद भी वो भाईचारे और मानवता के संबंध के साथ रहते हैं जिसमें हमारी एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल ने राज्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें सभी राज्यों कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व पंजाब आदि को उनके संस्कृति के हिसाब से भोजन, स्मारक नृत्य, कलाकृतियों आदि से सजाया गया।



इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीओ मृदुला भट्ट व उषा पेंसिया द्वारा फीता काटकर किया गया और उन्हें सभी राज्यों की संस्कृति संस्कार नृत्य कलाकृतियों स्मारक भोजन के बारे में बच्चो द्वारा विस्तार से बताया गया। उनके द्वारा स्कूल और बच्चो की मेहनत की खूब सराहना हुई। अभिभावक शिक्षक बैठक के दौरान सभी अभिभावकों के द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में नेहा, प्रिया, शालू, काजल, सिल्की, दीपिका, ज्योति, दीपा, निशा, सोनल, सरिता, रूपाली, संतोष, याशी, पारुल, दीपा, दीपिका, वंशिका, शिल्पा, नीरज, मंतशा, सोनाली, हुमा, लक्षिता, दिया, अर्शी, रक्षा आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

## गर्मी की रफ्तार बढ़ते ही बिजली की चाल-सुस्त, रात काटनी हुई मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** गर्मी क्या बढी बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है बिजली की आंख मिचौनी से नगर के लोग परेशान है।

बच्चों का भीषण गर्मी के चलते बुरा हाल है और लोगों को रात काटनी मुश्किल हो रही है। बतादें कि सरकार ने निर्विघ्न रूप से बिजली मुहैया कराए जाने का आद. ेश विभाग को दिया था जिसमें ट्रांसफार्मर फुंकने पर इसकी जिम्मेदारी भी जेई पर डाली गई गर्मी के दिनों में बिजली सुचारू रूप से मिले इसके लिए बिजली विभाग ने पेड़ों की छटाइ आदि करके व्यवस्था को सुदृढ़ किया लेकिन दो दिन पहले गर्मी ने रफ्तार पकड़ी तो बिजली की रफ्तार सुस्त हो गई। गुरुवार को दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा और रात को करीब 2:00 बजे लोगों को बिजली मिल पाई जिससे बच्चे बूढ़े और जवानों का घर में रहना मुश्किल हो गया लोगों का कहना था कि वह समय पर बिल भरते हैं तो उन्हें समय से ही बिजली भी मिलनी चाहिए नगर वासियों ने सुचारू रूप से बिजली दिलाए जाने की मांग की है।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद उमर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद उमर के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद फारूक पुत्र प्यारे निवासी 1222 गली नंबर 4, जगतपुरी रहमतनगर सहसपुर थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने सगे भाई आरिफ अली पुत्र इस्लामुद्दीन को गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में आरिफ अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज दिनांक 16.05. 2025 के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **अमानत व लियाकत पुत्रगण इस्लामुद्दीन निवासीगण साहूपुर तहसील व थाना कांठ, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र फिरासुद्दीन, पुत्रवधू श्रीमती रेशमा, पौत्री कु. आलिया, पौत्री कु. अलशिफा, पौत्री कु. इफरा व पौत्र मोहम्मद हुसैन को गलत संगत गलत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से उक्त लोगों का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **राहत जान पुत्र मियां जान व श्रीमती जरीफन पत्नी राहत जान निवासीगण मोहल्ला झंडेवाला भोजपुर पीपलसाना थाना भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 1768, पृष्ठ 335 से 344 पर क्रमांक 5440, जो की किफायत उल्ला खघं व श्रीमती केसरा बेगम ने दिनांक 8.12.1979 को विक्रय किया था। जोकि उप निबंधक कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत है, वास्तव में खो गया है, जिसका प्रयोग करना अवैध होगा। **नजकतुल्ला पुत्र स्वर्गीय किफायत उल्ला निवासी खारी कुआं, मुगलपुरा प्रथम, थाना मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र **मोहम्मद रफी** व पुत्रवधू **श्रीमती सबीना** को गलत संगत/गलत कृत्य व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **अहमद अली पुत्र अब्दुल अजीज निवासी विद्यानगर नया गांव स्टेशन रोड हरथला तहसील व मुरादाबाद**

### जनपद प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

# निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री श्री अनिल कुमार जी की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति की विस्तापूर्वक समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा कार्य करने की तरफ अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि हमारी यह कोशिश रहनी चाहिए कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अन्तिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक पहुंचे। समाज के हर वर्ग के पात्र व्यक्ति को निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में जो भी निर्माण कार्य हो रहे है उनकी गुणवत्ता अच्छे से सुनिश्चित की जाये। सभी अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे तो जनता में अच्छा संदेश जायेगा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को विद्युत आपूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरस्त रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करने के भी निर्देश दिए। मंत्री जी ने जनपद में स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में घटिया सामग्री इस्तेमाल न होने पाये इसको सुनिश्चित किया जाये। बिजली विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों को उनकी कार्यशैली में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को ब्लाकवार विद्युत शिविर लगाये जाने के निर्देश दिए, जिससे आम जन की विद्युत संबंधी समस्याओं का निदान ससमय हो सके। बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने खराब ट्रान्सफार्मर, बिजली आपूर्ति, बिल गड़बड़ी, जर्जर विद्युत लाइनें सहित अन्य विद्युत समस्याओं को अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को त्वरित रुप से प्राथमिकता स्तर पर उचित कार्यवाही कर निवारण के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, कृषि रसायन डीबीटी इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गयी, जिस पर मा0 मंत्री जी ने उप निदेशक कृषि को किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बाटमाप विभाग की समीक्षा के दौरान मा0 मंत्री जी ने संबंधित अधिकारी को नियमित रुप से पेट्रोल पम्पों की चौकिंग एवं सत्यापन के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के संबंधित अधिकारी ने संकलित नमूनों के बारे में जानकारी दी, जिस पर मा0 मंत्री जी ने नकली दवाईयों के क्रय-विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना शहरी के अन्तर्गत मा0 मंत्री जी ने पीओ डूडा से कहा कि योजना के अन्तर्गत सत्यापन संबंधी काफी शिकायतें आ रही हैं, उचित कार्यवाही करें। ग्रामीण सड़क निर्माण के संबंध में मा0 मंत्री जी ने कहा कि सड़क निर्माण के प्रस्ताव हेतु जनप्रति. निधियों से भी संपर्क व संवाद स्थापित कर कार्यवाही की जाये। जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हो रहे कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मा0 मंत्री जी ने कहा कि खराब कार्य करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की प्रगति के संबंध में संयुक्त आयुक्त उद्योग बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें एवं योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके इसके लिए नियमित रुप से शिविर लगाकर युवाओं को जागरुक करें। इसके साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एम्बूलेंस की स्थिति, बायोमेडिकल उपकरणों के रख-रखाव संबंधी, पीएम आवास योजना ग्रामीण, सीएम आवास योजना के अन्तर्गत प्रगति संबंधित, दिव्यांगजन, पेंशन संबंधित, पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत शौचालयों निर्माण एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति संबंधित, गन्ना पर्ची वितरण एवं गन्ना भुगतान संबंधित, सहकारिता विभाग के अन्तर्गत अल्पकालिन ऋण वितरण एवं वसूली संबंधित, टेल फीडिंग संबंधित, बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत ऑपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह् भोजन संबंधित, निराश्रित महिला पेंशन संबंधित, कन्या सुमंगला योजना प्रगति संबंधित अन्य विभागों के अन्तर्गत आने वाली योजनाओं की र्प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर मा0 मंत्री जी ने योजनाओं से संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता स्तर पर योजनाओं का लाभ आम जन मानस तक पहुंचाने हेतु उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में मा0 सदस्य विधान परिषद डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, मा0 विधायक कुन्दरकी श्री रामवीर सिंह, मा0 मेयर श्री विनोद अग्रवाल भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष भाजपा श्री गिरिश मण्डूला सहित जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## नवाब अली ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन



**भोजपुर।** विकासखंड भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत रानीनागल के मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष एंव जिला पंचायत सदस्य के पद प्रत्याशी नवाब अली नें फिता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी का खिलाड़ियों एंव कमेटी सदस्यों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया वही मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को बढ़ावा देने की बात कही। शुक्रवार को ग्राम पंचायत रानीनागल में खेले जा रहे सकलेनी क्रिकेट मेमो. रियल टूर्नामेंट के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष एंव जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। खेलों के माध्यम से सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। इस दौरान क्रिकेट मैच का संचालन कर रहे तबारक अली नें बताय इस बार क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले रही हैं। फाइनल मुकाबला जीतने वाली टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

## प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने आज अपने जनपद मुरादाबाद के भ्रमण कार्यक्रमानुसार जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू वार्ड, कंट्रोल रुम/आपात कालीन कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड कक्ष में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, निरीक्षणोपरांत सभी व्यवस्थाओं ठीक प्रकार से पायी गयी। और डाक्टर भी समय- समय पर देखने आते हैं। इसके साथ ही मंत्री जी ने जिला महिला चिकित्सालय में भी जाकर निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना, जिस पर मरीजों द्वारा संतोषजनक जबाव दिया गया। इसी क्रम में जनपद प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने मुरादाबाद शहर में स्मार्ट सिटी योजना के अन्तर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टाउन हॉल के पास स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे निर्माण कार्य को परखा और नगर निगम के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि बाजारों में आने वाले वाहनों की बेहतर पार्किंग व्यवस्था हो इसको सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी निर्देशित किया कि नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले जो भी पार्क है उनके रख-रखाव को चुस्त-दुरस्त रखा जाये। इसी के साथ कांठ रोड पर हो रहे स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्य की प्रगति का भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता को परखा और कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण व तेजी के साथ कार्य किया जाये।



# भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य शौर्य,साहस और पराक्रम को नमन करते हुए भारतीय सैनिकों के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया।

भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल जी शामिल रहे।भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का इंपीरियल तिराहा से शुभारंभ किया गया जो कि बुध बाजार टाउन हॉल कोतवाली बाजार गंज गुरुहट्टी चौराहा जेल रोड जैन मंदिर एकता द्वार होते हुए गांधी पार्क गांधी मूर्तिशहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई।भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल सभी जनमानस हाथों में तिरंगा लिये हाथों में स्लोगन लिए भारत माता की जय, सैनिकों के सम्मान में भारतीय मैदान में, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल लोग आंत. कवाद पाकिस्तान और उसके आकाओं की क्रूर कायराना हरकतों की घोर निंदा कर रहे थे।पथ पर जगह जगह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया व भारतीय सैनिकों जवानों की लम्बी उम्र की कामना की।मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों सैनिक और नौजवानों का अभिनंदन किया पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम को सैल्यूट करता है और बहादुर जवानों का अभिनंदन करता है राष्ट्र संकट के समय धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी धरोहर है ऐसे माहौल में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान में उनके घर में घुस कर मारा और पाकिस्तान के हौसले परास्त कर दिए दुनिया ने पाकिस्तान के आकाओं के बेशर्मी भरे चेहरे को देखा जिसमें आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान के नेताओं और सैन्य अधिकारी शामिल हुए यह सब यह दर्शाता है कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है 75 वर्षों से उन्होंने और उसके आकाओं ने सिर्फ आंतकवाद के बीज बोए पाकिस्तान और उसके आकाओं ने अपनी विफलता की कहानी खुद ही लिखी जो पूरी दुनिया देख रही है पाकिस्तान जो दुस्साहस कर रहा है आपरेशन सिंद. ूर उसका जवाब है आने वाला समय तय करता है कि भारत की तरफ जो भी उंगली उठेगी और जो भारत की सुरक्षा में सेंधमारी करेगा उसका हाल भी पाकिस्तान जैसा ही होगा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पहले ही दिन भारत की सेना ने पाकिस्तान में सैकड़ों आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषवेल को पालने पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को विभत्स कृत्य की सजा दी गई सभी ने भारत की सेना के पराक्रम शौर्य का लोहा माना पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु,नौ सेना तीनों सेनाओं के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ेंगे नहीं।भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा नगर विधायक रितेश गुप्ता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला डॉ के के मिश्रा के अलावा तिरंगा यात्रा कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी सह संयोजक धर्मेश सैनी व अभिषेक चौबे, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल जैन एडवोकेट, अनुराग सिंह, प्रदेश गौ सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, साध्वी गीता प्रधान, महानगर महामंत्री नत्थूराम कश्यप कमल गुलाटी दिनेश शीर्षवाल राज. ेश रस्तौगी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा राहुल शर्मा नवदीप टंडन हेमराज सैनी दिनेश सिसोदिया शम्मी भटनागर सर्वेश पटेल अजय वर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में समाज सेवी महानगर वासी भाजपा महानगर मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण पार्षदगण शामिल रहे।




## एक नजर

### रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 32 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। जिला मुख्यालय से आई टीम के शिल्पा अग्रवाल, अजय पाल यादव, अलका मोहन, सुभाष कुमार, नीरज कुमार, अचिन सिंह, सचिन कुमार, सचिन कश्यप, मोहम्मद नईम आदि ने रक्तदाताओं की पहले विधिवत जांच पड़ताल की। उपयुक्त पाए जाने पर उनका रक्त संग्रह किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी रिजुल कंसल, सुरेश चंद्र जोशी, रविदास शर्मा, गौरव, मोहम्मद जीशान, अभिषेक जैन, अरिहंत जैन, प्रतीक जैन, चिराग अग्रवाल, आशुतोष शुक्ला, मनीष शुक्ला,अरुण राघव, अमित चौधरी, गुरदीप सिंह, केतन चौधरी, राहुल गुप्ता, हिमांशी, विजय कुमार, भूरा सिंह आदि 32 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शि. विर में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरिश्चंद्रा, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सेवा भारती जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य पंडित विनोद मिश्रा, चीफ फार्मासिस्ट आरपी वर्मा, मनीष कुमार, अमित कुमार मौर्य, विकेश कुमार आदि ने सहयोग किया।




### पत्नी के साथ बुरे बर्ताव का विरोध करने पर परिवार के लोगों ने मारपीट कर किया घायल

**कांठ।** पट्टी मोडा निवासी कुसुम पत्नी कुलदीप का आरोप है की उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व कुलदीप पुत्र खचेडू सिंह निवासी पट्टीमौढा से हुई थी शादी के इतने दिन तक बच्चे न होने के कारण उसकी सास रानी देवी पत्नी खचेडू आये दिन ताने देने लगी, 11अप्रैल को दोपहर इन्ही बातो लेकर सास गालियां देने लगी और कहने लगी कि तू बाँझ है घर से निकल जा, पति कुलदीप द्वारा इसका विरोध किया गया तो तीनो देवर संजीव, प्रदीप, अतुल ने पति से मारपीट की। संजीव ने पति के सिर मे राड मार दी । जिससे वह लहुलुहान हो गये । पति का इलाज कॉस्मॉस हास्पिटल मे चल रहा है ससुराल वाले अब भी जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### दूसरे के काम में टांग अड़ाना पड़ा महंगा

**कांठ।** थाना छजलैट के गांब दुल्हेपुर निवासी नन्हे सिंह ने अपनी पुत्री की शादी कहीं पर तय की थी लेकिन शादी से पहले ही गांव की प्रियंका पत्नी विकास निवासी ग्राम दुल्हेपुर ने नन्हे की लड़की को नाबालिक बताते हुए 112 को फौन कर के बुला लिया जिससे नन्हे को बुरा लग गया इस बात की रंजिश को लेकर महिला ने जवरदस्ती करने और गला घोटने की कौशिस करने का आरोप लगा दिया।

कहा कि पति ने विडियो बनाने के लिए फोन निकाला तो वो लोग भाग गए। आज रंजीत राजपाल बलबीर और नन्हे ने घर पर अध्धे बरसाये पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने राजकीय इंटर कालेज और निकटवर्ती स्कूलों में पहुंचकर स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया।घ पुलिस ने सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर उप निरीक्षक ब्रजपाल सिंह, शराफत अली, रामकुमार, विपिन कुमार , अनिल गोस्वामी, कपिल कुमार आदि बीट प्रभारी मौजूद रहे।

### व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मंडी समिति जिला मुरादाबाद को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मंडी समिति के व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित नगर मजिस्ट्रेट मुरादाबाद /प्रभारी मंडी समिति जिला मुरादाबाद को व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल के नेतृत्व में व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा। मंडी समिति ठाकुर द्वारा में पुलिस द्वारा खड़े किए गए वाहनों को तुरंत हटाया जाए तथा मंडी समिति ठाकुरद्वारा में नई दुकानों का निर्माण कराया जाए। जिससे कि मंडी समिति में दुकानदारों का व्यापार बढ़ने से सरकार को राजस्व की वृद्धि होगी । प्रभारी मंडी समिति जिला मुरादाबाद की प्रभारी श्रीवास्तव ने व्यापारी में समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया । ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, पवन पुष्पद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान यूनियन ने गन्ना मूल्य भुगतान सहित कई मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिलारी।** भाकियू अराजनैतिक के अनेकों पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां गन्ना मूल्य भुगतान सहित कई मांगों को लेकर एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग उठाई। शुक्रवार को तहसील पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर कहा कि बिलारी की लक्ष्मी शुगर मिल पर किसानों का 65 करोड रुपए गन्ने का बकाया मूल्य है। किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। किसानों ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान नहीं दिया जाता तो 24 मई से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा खतौनियों में नाम व हिस्से गलत होने के मामले में उन्हें ठीक करने के लिए कैंप लगाने की मांग उठाई गई, इसके साथ ही गांव में ट्यूबवेल की लाइन को लेकर कहा कि सरकार द्वारा गांव और ट्यूबवेल की लाइन अलग की गई है। जब तक प्रत्येक मकान की लाइट की व्यवस्था न हो जाए तब तक ठेकेदार से विभाग लाइन हैंडोवर ना ले। ज्ञापन देने जिला अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, तहसील अध्यक्ष विकास राज सिंह उर्फ विक्की चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष सूरज सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी खिलेंद्र सिंह, जिला सचिव राजवीर सिंह, मंडल सचिव रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष युवा अंकुर चौधरी आदि सहित भारी तादाद में किसान मौजूद रहे।

### बीएस गार्डन में क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से मनाई सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती

**ठाकुरद्वारा।** क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाजपा से पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जंयती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को ब्लाक क्षेत्र के गांव रामूवाला गनेश स्थित बीएस गार्डन में क्षत्रिय समाज के लोग भाजपा के पूर्व विधान सभ प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में एकत्र हुए। जहां पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कहा के सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कठिन संघर्ष किया। वह एक सच्चे राष्ट्र भक्त थे। उनका चिंतन हमेशा मातृभूमि के सुरक्षा के लिए रहा। उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने मातृभूमि की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी कहानी हमें प्रेरित करती है। हमें अपने देश की संस्कृति सभ्यता के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. दीपक चौहान ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों से उनके बताए आदर्शो पर चलाने का आहवान किया। कार्यक्रम में ठाकुर सूर्यांश प्रताप सिंह ठाकुर गौरव चौहान मयंक चौहान ललित चौहान ठाकुर अमन प्रताप सिंह रविंद्र सिंह प्रधान, धर्मेंद्र चौहान तरुण चौहान राहुल चौहान आदि शामिल रहे।



### आज दिव्यांग जन कृत्रिम सहायक अंग पाने के लिए कराएं पंजीकरण

**ठाकुरद्वारा।** एडीओ समाज कल्याण विख्यात चौहान ने बताया कि आज (शविार) को ब्लाक सभागार में ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने पिछले तीन वर्षो से कृत्रिम सहायक अंग जैसे हाथ पैर कैलिपर्स ट्राई साइकिल वैसाखी, व्हीलचेयर इत्यादि का लाभ नहीं लिया है या अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है । ऐसे दिव्यांगजन इस योजना का लाभ लेने के लिए ऐसे दिव्यांगजन कल 10.00 बजे से विकासखंड ठाकुरद्वारा सभागार में जाकर के अपना पंजीकरण कर ले। इस योजना का लाभ छात्र प्रतिवर्ष ले सकते हैं । इस योजना के लिए आवश्यक अभिलेख दिव्यांग प्रमाण पत्र आधार कार्ड आय प्रमाण पत्र फोटो लाना आवश्यक है।

## अंबेडकर युवक संघ ने विंग कमांडर को जाति सूचक शब्द के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर युवक संघ द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें देश की सेना को जातियों में बांटकर अपमानित करने के मामले में चर्चा की गई और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सोंपा गया।

शुक्रवार को सवेरे 11:00 बजे के समय एक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कहा गया कि देश की सेवा करने वाले सैनिक किसी भी धर्म या जाति के नहीं होते हैं देश की रक्षा व सेवा में कर्नल के पद पर कार्यरत मुस्लिम समाज की बेटी सोफिया कुरेशी व दलित समाज की बेटी विंग कमांडर के पद पर हैं, भारत-पाकिस्तान की युद्ध में ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान के घर में घुसकर मारने पर देश को गर्व करना चाहिए तथा देश की निष्पक्ष सेवा पर प्रत्येक व्यक्ति को देश की बेटियों पर गर्व करना चाहिए लेकिन अफसोस इसके विरुद्ध भाजपा के मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन बताया जो की एक निंदनीय है, दूसरी तरफ सपा के सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने दलित बेटी को जातिगत टिप्पणी करके पूरे देश के दलित समाज को अपमानित किया है, जिससे पूरे दलित समाज में रोष व्याप्त है। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ तहसील बिलारी व क्षेत्र की ग्रामीण शाखों की ओर से राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि दोनों नेताओं के खिलाफ कई से कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से डाक्टर जगतपाल सिंह, केके नवल, कुंवर सिंह, मनवीर सिंह, रोहतास कुमार, ओम प्रकाश ठेकेदार, जगराज, जबर सिंह, पप्पू सिंह, चरन सिंह, राम अवतार, लाल सिंह, मुनेंद्र सिंह, हरिशंकर बौद्ध, बहादुर सिंह, देवेंद्र सिंह, रामखिलाड़ी, वीर सिंह गौतम अनिकेत आदि लोग मौजूद रहे।



**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

मु.नं.- 624/2022

1. सौबिया अन्जुम उम्र 30 वर्ष पुत्री औसाफ अली पत्नी जईम निवासी मौहल्ला गलशहीद मुरादाबाद हाल निवासी मौहल्ला ब्रह्मनान, थाना मण्डावर, पोस्ट मण्डावर, जिला बिजनौर। पिन कोड- 246721

मो.नं.:- 9528566019

2- शारिया उम्र 12 वर्ष, 3- सारिका उम्र 5 वर्ष, 4- जायना उम्र 4 वर्ष पुत्रीया औसाफ नाबालिगान संरक्षिका माता श्रीमती सौबिया अन्जुम उपरोक्त

**बनाम**

जईम उम्र 40 वर्ष पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला गलशहीद थाना गलशहीद पोस्ट गलशहीद मुरादाबाद, जिला मुरादाबाद। पिन कोड- 244001

मो.नं.:- 9568600072

धारा- 125 सी.आर.पी.सी.

थाना- मण्डावर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए के 04.06. 2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा।

नियत दिनांक:- 04.06.2025

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 41-DRM-MB-25-26, dt. 16.05.2025 |
| कार्य का नाम | Pre and post attention work for deep screening by BCM, Manual deep screening of turn out and plain track, Pre & post attention work during T/out tamping with machine & other allied work over Moradabad Division under jurisdiction of Sr. DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 10.06.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 5,20,89,617.75 |
| धरोहर राशि | 4,10,500.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 27.05.2025 |

टेन्डर न. 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice दिनांक 16.05.2025 1452/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाओलिनी-गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिंड़त

**रोम, वार्ता।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### पीकेएल सीजन-12 के लिए होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**मुम्बई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए मुम्बई में 31 मई और एक जून को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने आज आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों के नीलामी की तारीखों की घोषणा कर दी। सीजन 12 की यह नीलामी एक और शानदार सीजन की शुरुआत का संकेत है। एक बार फिर चैंपियन टीम अपनी ट्रॉफी बचाने उतरेगी और देश-विदेश से जुड़े प्रशंसक कबड्डी के जोश को नए स्तर पर ले जाएंगे। प्रो कबड्डी के नए सत्र को लेकर मशाल के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी की।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की नजर प्लेऑफ पर




**कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना होगा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण एक सप्ताह के लिए स्थिगित हुए आईपीएल में ब्रेक के बाद आरसीबी के लिए अच्छी खबर रहीं उसने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के साथ मयंक अग्रवाल, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह का स्वागत किया है। इससे उनकी टीम मजबूत हुई है। आरसीबी अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीत से उत्साहित है। आरसीबी फिलहाल 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स के 12 मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने शेष दोनों मैच महत्वपूर्ण अंतर से जीतने होंगे तथा अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा। विराट कोहली आरसीबी के लिए ताबीज बने हुए हैं, जिन्होंने इस सीजन में 63.12 की औसत से 505 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 32 पारियों में 1,021 रन बनाये है। आरसीबी को उम्मीद है कि वह अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखेंगे। फिल साल्ट की वापसी से टीम को एक और बढ़ावा मिला है, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने सीएसके के खिलाफ 14 गेंदों पर नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जो निचले क्रम के लिए खतरा साबित हुई। रजत पाटीदार (239 रन) और टिम डेविड ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भुवनेश्वर और क्रुणाल पांड्या के गेंदबाजी आक्रमण को अनुभव प्रदान करने के साथ, बेंगलुरु संतुलित दिख रही है। हालांकि, यश दयाल और रसिख डार जैसे युवा गेंदबाजों पर दबाव बना रहेगा कि वे मुश्किल समय में अपना संयम बनाए रखें। इस बीच, केकेआर इस मैच में कमजोर स्थिति में है वह पिछले पांच मैचों में केवल दो में ही जीत हासिल कर पाए हैं और उनके अभियान में सामंजस्य की कमी है। आंद्रे रसेल का शानदार प्रदर्शन 'पिछली दो पारियों में 95 रन' उम्मीद जगाता है, जबकि अजिंक्य रहाणे 375 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी सूची में सबसे आगे हैं।

## स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार




**सिडनी, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इन्कार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का फाइनल में नहीं पहुंचना तय है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जायेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाये तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुक.ाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंग.लिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है। उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

## जापान की तर्ज पर देशभर में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर बनाएगा भारत

- **बीसीसीआई 2-3 खेलों का जिम्मा उठाएगा, राजीव शुक्ला बोले- खेलों के नाम मंत्रालय तय करे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल मंत्रालय जापान की तर्ज पर देशभर में ओ.लिंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने जा रहा है। ये सेंटर्स कारपोरेट के सहयोग से बनाए जाएंगे। इनमें से 2-3 सेंटर्स की जिम्मेदारी बीसीसीआई लेगा। इस योजना पर इस साल काम शुरु हो जाएगा।

बीसीसीआई ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। इस बैठक में कारपोरेट जगत के 58 मेंबर्स ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि ओलिंपिक स्पोर्ट्स के विकास के लिए कारपोरेट जगत की भागेदारी तय करने के लिए आयोजित इस बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओ.लिंपिक सेंटर्स खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे। हर सेंटर में एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग हर सेंटर में एक-एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग होगी। लास एंजिलिस ओलिंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक ट्रेनिंग सुविधाएं और स्पेशलिस्ट मुहैया कराए जाएंगे। बताया जा रहा है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलिंपिक सेंटर्स से प्रेरणा ली है। जहां से कई ओलिंपिक मेडलिस्ट निकले हैं। भारतीय मूल के खिलाड़ियों का चयन होगा भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबाल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं।




## मुस्तफिजुर के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ

**मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे बीसीबी ने 18 से 24 मई के लिए एनओसी दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है। 29 साल के तेज गेंदबाज को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बीसीबी ने शुक्रवार को एक स्टेटमेंट जारी कर बताया कि रहमान 18 से 24 मई के बीच आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अनुसार, रहमान 17 मई को यूएई के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलेंगे।

उसके बाद इंडिया के लिए रवाना होंगे। जहां 18 से 24 मई तक दिल्ली के बचे लीग मैचों में हिस्सा लेंगे, हालांकि वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले लौट जाएंगे। रहमान को दिल्ली कैपिटल्स ने 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वे ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे। स्टार्क ने दिल्ली की ओर से आईपीएल के बचे मैच नहीं खेलने का फैसला लिया है। वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के बचे मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। इन्हें भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोक दिया गया था। बीसीबी के सीईओ ने कहा था कि हमने एनओसी नहीं मांगा दिल्ली ने रहमान को 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था कि अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा था- श्मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है।

मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिका.रिक संदेश नहीं मिला है।श ऐसे में रहमान के आईपीएल में खेलने पर संदेह था। आईपीएल का शेडडूल बांग्लादेश के यूएई दौरे से क्लैश हुआ आईपीएल के बचे मैच का शेडडूल और बांग्लादेश के यूएई दौरे का शेडडूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ यूएई के लिए रवाना भी हो गए हैं। रहमान ने बुधवार को यूएई के लिए रवाना होने के बाद यह फोटो पोस्ट की थी। 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपये में शामिल किया हैं।

## टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम आगे




**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुम.राह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है। फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुम.राह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है। भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फार्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं। पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फार्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है। शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं।

## वानखेड़े में रोहित के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

**रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी मौजूद रहे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड्स का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रोहित और पवार के अलावा पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर स्टैंड्स का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के नाम पर एमसीए दफ्तर का लाउंज का उद्घाटन किया गया है। एमसीए ने पिछले महीने वार्षिक आम बैठक के दौरान इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया था। वानखेड़े स्टेडियम ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम शरद पवार स्टैंड, ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 का नाम अजीत वाडेकर स्टैंड और दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान रोहित ने कहा, आज जो कुछ भी हो रहा है, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। बचपन से मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। कोई भी इस बारे में नहीं सोच सकता। मेरे लिए खेल के दिग्गजों के साथ मेरा नाम होना, इस अहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो प्रारूप से संन्यास लिया है, लेकिन अभी भी एक प्रारूप में खेल रहा हूं। रोहित ने कहा, 21 तारीख को जब मैं यहां आऊंगा और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलूंगा तो यह एक अवास्तविक अहसास होगा, क्योंकि इस मैदान पर मेरे नाम का स्टैंड हो गया है, तो यह एक बहुत ही विशेष अहसास है। यह उस वक्त भी विशेष रहेगा जब कभी भी मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने आऊंगा। मैं इतने सारे लोगों, विशेषकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां उपस्थित हैं।

### बंगाल वॉरियर्स ने नवीन कुमार को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैंचाइजी का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी। बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं। कोच बनाये जाने पर नवीन कुमार ने कहा कि बंगाल वॉरियर्स के साथ मुख्य कोच के रूप में जुड़कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम विकसित करने का एक रोमांचक अवसर है। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने और मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हूँ। नए सत्र से पहले हमारे पास बहुत समय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि वॉरियर्स एक चैंपियन टीम बने। बंगाल वॉरियर्स के मुख्य कार्यकारी अपूर्व गुप्ता ने कहा कि नवीन कुमार अपने साथ बहुत सारा अनुभव और रणनीतिक विशेषज्ञता लेकर आए हैं, जो उन्हें हमारी टीम के लिए एक आदर्श नेतृत्व है। उनकी जीतने की मान.सिकता और युवा प्रतिभाओं को विकसित करने की क्षमता इस सत्र में हमारी सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा के लिए पारदर्शी रास्ता निकालें: क्रिकेट वेस्टइंडीज


**ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है**

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए साफ और पारदर्शी रास्ता निकालने की मांग की है।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा कि कैरेबियाई टीम ने ओलंपिक में हमेशा अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अपनी एथलेटिक प्रतिभा से दुनिया को प्रेरित किया है। 2028 खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे युवा क्रिकेटरों को उसी सपने से वंचित नहीं कर सकती जिसने हमारे एथलीटों को प्रेरित किया है। ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है। हम बस यही मांग कर रहे हैं कि इन सिद्धांतों को न केवल भावना में बल्कि संरचना में भी बरकरार रखा जाए। वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए रास्ता निकाला जाना चाहिए और प्रतिस्पर्धा करने का हकदार है। वेस्टइंडीज, कैरेबियाई द्वीप के रूप में आता हैं और इसके क्रिकेट का संचालन क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) करता है, लेकिन केवल संप्रभु राष्ट्रों को ही ओलंपिक खेलों में भाग लेने की अनुमति है। पूर्व ोषणा के अनुसार लॉस ऐंजि.लिस ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग की टी-20 प्रतिस्पर्धा में केवल छह देश हिस्सा लेंगे। आईसीसी ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को दिए गए अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया था कि छह टीमों को कट-ऑफ तारीख पर टी- 20 रैंकिंग के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाए।

# शास्त्री ने बताई कोहली के संन्यास की वजह

## लोगों के लगातार कमेंट्स से परेशान थे, कहा-रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता



**दुबई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के रिटायरमेंट की वजह का खुला.सा किया है। शास्त्री के अनुसार 'कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से मानसिक रूप से थक चुके थे।' शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में बताया कि उन्होंने संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से पहले कोहली से बात की थी। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं।

जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है। उन्होंने रोहित शर्मा की फार्म पर कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कोच होता तो सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर नहीं होने देता। विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा कि टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कोहली के संन्यास पर रवि शास्त्री ने कहा कि मैं विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से हैरान था। क्योंकि मुझे लगता है कि विराट में टेस्ट खेलने के लिए 2-3 साल और बचे थे। कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से बर्नआउट हो गए शास्त्री ने कहा, श्आप अपनी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ियों से अधिक फिट हो सकते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आप थके हैं। तो यह शरीर को एक संदेश भेजता है। आप जानते ही हैं। कोहली लगातार सुर्खियों में रहने के कारण बर्नआउट (थकान) हो गए। कोहली के दुनियाभर में फैन, लोगो को क्रिकेट देखने प्रेरित किया शास्त्री ने कहा कि कोहली को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है।

पिछले दशक में किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में उनके पास अधिक प्रशंसक हैं। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया हो, चाहे वह दक्षिण अफ्रीका हो, उन्होंने लोगों को खेल देखने के लिए प्रेरित किया। अगर कोहली ने कुछ ठाना, तो अपना 100प्रतिशत दिया कोहली ने भारत को 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दिलाई जो किसी भी भारतीय कप्तान की अब तक की सबसे ज्यादा जीत है। इस पर शास्त्री ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ करने का फैसला किया तो उन्होंने अपना शत प्रतिशत दिया जिसकी बराबरी करना आसान नहीं है एग्रेशन कोहली को दूसरे प्लेयर्स से अलग बनाता है कोहली के एग्रेशन पर शास्त्री ने कहा कि एक खिलाड़ी अपना काम करता है, फिर आप आराम से बैठ जाते हैं। लेकिन कोहली के साथ ऐसा नहीं है, जब टीम आउट हो जाती है तो ऐसा लगता है जैसे उन्हें सभी विकेट लेने हैं, उन्हें सभी कैच लेने हैं, उन्हें मैदान पर सभी फैसले लेने हैं। इतना ज्यादा पार्टिसिपेशन, मुझे लगता कि अगर वह आराम नहीं करता है तो कहीं वह बर्नआउट होने वाला है। मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं होने देता शास्त्री ने बीजीटी में रोहित शर्मा की फार्म पर बात करते हुए कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कप्तान होता तो रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट में बाहर नहीं होने देता। शास्त्री-को.हली की जोड़ी सबसे सफल रही शास्त्री ने कोहली के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कोच-कप्तान की जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने 2018 में भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जिताई।

# अपहृत किशोरी प्रेमी संग दिल्ली से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** बीते रविवार को मौहल्ला नावपुर निवासी कासिम ने अज्ञात के खिलाफ 17वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था। चौदह घंटे बाद रात को ढाई बजे दूसरी बहन अफसाना के फोन पर अज्ञात ने कहा कि तेरी बहन मेरे साथ मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर है। फोन सुनने के बाद परिजनों ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर तलाशा किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस ने किशोरी और उसके परिजनों के फोन सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन ट्रेस की तो उनके दिल्ली में होने की जानकारी मिली। पुलिस ने गुरुवार की रात को किशोरी और उसके प्रेमी को दिल्ली में रिश्तेदार के घर से बरामद कर लिया। किशोरी का डाक्टरी मुआयना कराकर नारी निकेतन भेज दिया। शनिवार को अदालत में किशोरी के बयान दर्ज कराने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर जेवर व नकदी बरामद की

**भोजपुर।** शुक्रवार को पुलिस ने गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी विशाल पुत्र रामकिशन को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से चोरी के जेवर और 49सौ रुपए बरामद कर जेल भेज दिया। 14 अप्रैल को गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी कुवंर सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ रास्ते से घर में घुसकर सेफ अलमारी का ताला तोडकर 10 हजार रुपये व चांदी के आभूषण चोरी कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। केस की विवेचना के दौरान गांव के विशाल का नाम प्रकाश में आया। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने हमराह पुलिस बल को साथ लेकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने चोरी करने का जुर्म कबूल कर लिया।घ्पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर तीन सफेद धातु पाजेब व 4900रुपए बरामद कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हटाया गया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अवैध अतिक्रमण हटाना शासन की प्राथमिकता है, अवैध अतिक्रमण की शिकायत पहले भी की गयी थी, संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत आयी, शुक्रवार को नायब तहसीलदार पुलिसकर्मियों व राजस्वकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और बुल्डोजर से हटाना शुरु किया। लगभग 30 मिनट की कार्यवाही में स्थायी अतिक्रमण जमींदोज कर दिया गया।



## 20 मई को संभल आ सकते हैं सीएम योगी आदित्यनाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 20 मई को संभल दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई अन्य पदाधिकारियों के साथ पुलिस लाइन पहुंचे जहां निर्माण का निरीक्षण किया गया है। हालांकि अधिकारियों की ओर से मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुष्टि नहीं की गई है।

बता दें कि बहजोई के गांव फतेहपुर शरीफनगर में 92 एकड़ भूमि में 320 करोड़ रुपये से पुलिस लाइन का निर्माण चल रहा है। वहीं, गांव आनंदपुर में जिला मुख्यालय का निर्माण किया जाना है। जमीन क्रय करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि 20 मई को मुख्यमंत्री का दौरा है। अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे की पुष्टि नहीं की गई है।

### एक नजर

## आठवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क बैग देने के लिए 280 करोड़ मंजूर

**कांठ।** आठवीं तक के छात्रों को निशुल्क बैग दिए जाने की योजना को शुरू करने के लिए सरकार ने 280 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की है यह राशि सीधे छात्रों के अभिभावकों के आधार से लिंक बैंक खाते में भेजी जानी है बतादें कि अब तक छात्रों को यूनिफॉर्म जूते मोजे बैग और स्टेशनरी के लिए 1200 मिलते थे। लेकिन इस बार स्कूल बैग के लिए अलग से धनराशि दी जाएगी शासनादेश के मुताबिक यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी के जरिए परिषदय राजकीय समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक के खातों में भेजी जाएगी एक बच्चे को बैग के लिए कितनी राशि दी जाएगी इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राज्य सरकार को 350 करोड रुपए की मांग के बाद 280 करोड रुपए की मंजूरी राज्यपाल ने आवश्यक शर्तों के तहत जारी की है।




## पत्नी के साथ बुरे बर्ताव का विरोध करने पर परिवार के लोगों ने मारपीट कर किया घायल

**कांठ।** पट्टी मोडा निवासी कुसुम पत्नी कुलदीप का आरोप है की उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व कुलदीप पुत्र खचेडू सिंह निवासी पट्टीमौढा से हुई थी शादी के इतने दिन तक बच्चे न होने के कारण उसकी सास रानी देवी पत्नी खचेडू आये दिन ताने देने लगी, 11अप्रैल को दोपहर इन्ही बातो लेकर सास गालियां देने लगी और कहने लगी कि तू बाँझ है घर से निकल जा, पति कुलदीप द्वारा इसका विरोध किया गया तो तीनो देवर संजीव, प्रदीप, अतुल ने पति से मारपीट की। संजीव ने पति के सिर मे राड मार दी। जिससे वह लहुलुहान हो गये। पति का इलाज कॉस्मॉस हास्पिटल मे चल रहा है ससुराल वाले अब भी जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की हैं।

## पत्नी के साथ बुरे बर्ताव का विरोध करने पर परिवार के लोगों ने मारपीट कर किया घायल

**कांठ।** पट्टी मोडा निवासी कुसुम पत्नी कुलदीप का आरोप है की उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व कुलदीप पुत्र खचेडू सिंह निवासी पट्टीमौढा से हुई थी शादी के इतने दिन तक बच्चे न होने के कारण उसकी सास रानी देवी पत्नी खचेडू आये दिन ताने देने लगी, 11अप्रैल को दोपहर इन्ही बातो लेकर सास गालियां देने लगी और कहने लगी कि तू बाँझ है घर से निकल जा, पति कुलदीप द्वारा इसका विरोध किया गया तो तीनो देवर संजीव, प्रदीप, अतुल ने पति से मारपीट की। संजीव ने पति के सिर मे राड मार दी। जिससे वह लहुलुहान हो गये। पति का इलाज कॉस्मॉस हास्पिटल मे चल रहा है ससुराल वाले अब भी जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## श्रीराम शबरी प्रसंग कार्यशाला का हुआ समापन

**मुरादाबाद।** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इण्टर कालेज मंगूपुरा मुरादाबाद में चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला जो उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ ( संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश )एवं कृष्णा बाल विद्या मंदिर इण्टर कालेज मंगूपुरा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लो. कगीतों में श्रीराम शबरी प्रशंग कार्यशाला का समापन धूमधाम से किया गया।जिसके अंतर्गत विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की



सुन्दर प्रस्तुति विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा की गई जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पंकज दर्पण, विकसित पंडित, प्रतिभा वर्मा, ओमप्रकाश,रोहित महानगर प्रचारक एवं जितेंद्र उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक ओमप्रकाश सिंह ने सभी का मार्गदर्शन किया एवं सभी का परिचय कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कपिल देव ने सभी का आभार प्रकट किया साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर मनोवल बढ़ाया।

# मुल्ला अफरोज की जमानत पर सुनवाई 20 मई को

**चन्दौसी।** 24 नवंबर 2024 को हुई संभल हिंसा के दौरान फायरिंग कर दो लोगों की हत्या करने के कारोपी शारिक साटा गिरोह के सक्रिय सदस्य मुल्ला अफरोज की तीसरी जमानत अर्जी दाखिल की गई परंतु जनपद न्यायाधीश के न्यायालय में सुनवाई के दौरान अधिवक्ता बहस नहीं कर सके और अगली तारीख लेने के लिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया जिस पर न्यायालय ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख नियत कर दी। संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में पथराव, फायरिंग व आगजनी में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि दो दर्जन से अधिक अधिकारी व पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इस हिंसा में मारे गए युवक बिलाल और अयान के परिवार वालों की ओर से नखासा थाना क्षेत्र के हुसैनी रोड नि0 मुल्ला अफरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने 18 जनवरी को मुल्ला अफरोज को ईदगाह से मंडी के पास से गिरफ्तार कर लिया था। इसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल 32 बोर तीन कारतूस और एक मोबाइल बरामद हुआ था। पुलिस ने मुल्ला अफरोज की निशानदेही पर लूटे गये 15 ब्लैक कारतूस व तीन चार्जर क्लिप बरामद किये थे। मुल्ला अफरोज की तीसरी बार जमानत अर्जी जनपद न्यायालय में दाखिल की गई। दो बार जमानत अर्जी पत्रावली पूरी न होने पर वापिस ले ली गई थी। तीसरी बार दिए गए जमानत प्रार्थनापत्र पर जनपद न्यायालय में सुनवाई होनी थी। मुल्ला अफरोज के अधिवक्ता आफताब की ओर से न्यायलय में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि बयानों की नकलें उन्हें नहीं मिल सकी हैं। सलमान के 183 के बयान की भी नकल नहीं मिल सकी है जिससे बहस नहीं हो सकी। अभियोजन पक्ष के जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राहुल दीक्षित ने बताया कि न्यायालय में जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख नियत कर दी है।

# आखिर शक्तिनगर में कैसे होगा नाला सीधा

## सड़क चौड़ीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के मुख्य मार्गों को चौड़ा करने की कवायद उठाया गया था जिसके तहत अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरु पिछले 06 माह से चल रहा है। राजस्वकर्मियों द्वारा लगातार नपत कराकर अतिक्रमण हटाकर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है लेकिन सबसे अधिक समय अतिक्रमण हटाने में लगा रहा है, सड़क का चौड़ीकरण सब चाहते हैं परंतु अतिक्रमण कोई नहीं हटाना चाहता। इधर उपजिलाधिकारी विनय शर्मा, लगातार चन्दौसी की अपने पुराने स्वरुप में लाने का अथक प्रयास कर रहे हैं पर सबसे बड़ी बाधा शक्तिनगर में आ रहा है जहां नाला बन जरुर रहा है परंतु वह टेढ़ा-मेढ़ा हो गया है। इधर लॉयन्स स्कूल का काफी हिस्सा सड़क एवं अतिक्रमण की जद में आ गया है जबकि दूसरी ओर चौड़ाई बेहद कम होने पर सड़क बैण्ड जैसे हो गयी। शक्तिनगर में नाले पर काफी लंबे से निर्माण कार्य चल रहा है। कॉलोनीवासियों का मानना है कि एक तरफ कुछ कमजोर लोग हैं, दूसरी तरफ ताकतवर हैं, इसी कारण नाला भी ताकत के अनुसार बैण्ड हो गया है परंतु सबसे अधिक फ्रंट है। फिलहाल लॉयन्स स्कूल का लगभग दो मीटर से अधिक फ्रंट स्कूल का है जबकि पूर्व में उपजिलाधिकारी विनय शर्मा द्वारा राजस्वकर्मी दानवीर सिंह, वरुण कुमार द्वारा निशान लगाये गये थे, उन निशानों को एसडीएम के जाते ही गायब कर दिया गया। वहीं उन्हें लेखपाल की फर्जी शिकायत कर काम में व्यवधान डालने का प्रयास किया गया परंतु अब फिर स्थायी अतिक्रमण हटाने को लेकर कवायद शुरु हो गयी है। फिलहाल जनपद न्यायालय से आगे तक नाले की खुदायी हो चुकी है परंतु जनपद न्यायालय के कॉर्नर तक नाला निर्माण किया जा रहा है, यहां भी नाला टेढ़ा-मेढ़ा हो गया है। हालांकि सबसे अधिक समय नाला निर्माण में शक्तिनगर से न्यायालय तक हो रहा है। ठेकेदार अरुण रंगा भी परेशान हैं, जब स्थायी अतिक्रमण हटा ही नहीं है, इस स्थिति में नाला निर्माण कैसे हो? फिलहाल डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा की मेहनत रंग ला रही है। विकास नगर से जनपद न्यायालय की सड़कें चौड़ी दिखने लगी है, शीघ्र ही अब शेष नाले का अवरोध समाप्त हो जायेगा।





**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर शौर्य तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, विनोद कुमार गुप्ता,डा अभय श्रोत्रिय वी के अग्रवाल, कपिल आर्य,मीरा सोती,ऊषा गुप्ता सुद. ेश आर्य, विजय नंदन सुषमा श्रीधर वीरेंद्र आर्य, अमित आर्य, यशोदा आदि उपस्थित रहे।

# नगर में 14 करोड़ रुपये की धनराशि से होंगे विकास कार्य

## कान्हा गोशाला में पालिकाध्यक्ष लगाएंगे जनता दरबार

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद सभागार में पालिका अध्यक्ष रघुराज यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नगर में 14 करोड़ रुपए की धनराशि से विकास कार्य की जाएंगे, जिसमें सड़क, नाला निर्माण के अलावा पार्कों के सौंदर्य करण का कार्य शामिल हैं। इसके अलावा कान्हा गौशाला में प्रतिदिन जन समस्याएं सुनी जाएगी और उनका समाधान किया जाएगा। शुक्रवार को दोपहर के बाद पालिका अध्यक्ष रघुराज यादव ने विशेष प्रेस वार्ता की, इस मौके पर उन्होंने कहा कि 14 करोड़ रुपए की धनराशि के टेंडर पास हो चुके हैं, जिसमें नगर में विकास कार्य किए जाएंगे, जिसमें सड़कें नाले निर्माण आदि के अलावा नगर के खराब पड़े प्याऊ को ठीक कराया जाएगा और परशुराम पार्क, अंबेडकर पार्क और चौधरी चरण सिंह पार्क का सौंदर्यकरण कराया जाएगा, उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बिलारी नगर को आदर्श नगर बनाना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कान्हा गौशाला में 12:00 बजे से 2:00 बजे तक नगर वासियों की जन समस्याएं सुनी जाएगी और उनका समाधान किया जाएगा। यह निर्णय उन्होंने कान्हा गौशाला में गौवंशों की विशेष देखरेख के चलते लिया, बरसात के चलते नगर की सड़कें जल मग्न हो जाती हैं, इसको लेकर उन्होंने विशेष व्यवस्था की है। जिससे अल्प समय में पानी का निकास कराया जाएगा। नगर के एक प्रतिष्ठ व्यापारी भारत भूषण द्वारा कान्हा गौशाला के लिए पूरे वर्ष के लिए गोवंशों के लिए हर चेहरे की व्यवस्था का प्रबंध किया गया है।



## जन सेवा समिति ने मनाया वार्षिकोत्सव

**चन्दौसी।** गुरुवार को जन सेवा समिति द्वारा वार्षिकोत्सव समारोह कैथल गेट स्थित वृद्धाश्रम पर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मंच पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा धार्मिक गीतों पर नृत्य की अत्यंत मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय एवं निर्मल देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम की महिलाओं को समिति की ओर से साडिघ्यां व पुरुषों को अंगवस्त्र प्रदान किये गये। इस दौरान राजेश शर्मा, सर्वेश चीनी, गौरव वार्ष्णेय, नवकांत शर्मा, दाताराम भारती, राजेश चौहान, वागेश कुमार, राजेश रस्तौगी, संजीव कुमार, मुकेश अग्रवाल, डेविड कश्यप, राम बहादुर, रवि वार्ष्णेय, निशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।





## दुष्कर्म के मामले का खुलासा करने पर जीआरपी थाना प्रभारी सम्मानित

**चन्दौसी।** बरेली रेलवे स्टेशन पर मार्च महीने में हुई दुष्कर्म की घटना का खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला ने जीआरपी थाना प्रभारी चन्दौसी अजीत प्रताप सिंह को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि मार्च माह में बरेली रेलवे स्टेशन पर के आउटर पर एक युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, घटना का खुलासा करने के लिए रेलवे एसपी के निर्देश पर जीआरपी की टीम बनाई गई थी जिसमें चन्दौसी जीआरपी थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह भी शामिल थे, उन्होंने घटन का खुलासा करने के लिए सोशल मीडिया, सर्विलांस व विभिन्न रेलवे स्टेशनों से संपर्क किया। 29 अप्रैल को घटन को अंजाम देने वाले आरोपी चंद्रकेश कश्यप नि0 नगरिया मानपुर थाना सोरो जिला कासगंज को गिरफ्तार कर लिया गया जिस पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सभासदों व ईओ के बीच हुई नोकझोंक

**चन्दौसी।** नगर की समस्याओं को लेकर सभासद नगरपालिका कार्यालय पहुंचे जहां ईओ ने उनकी नोंकझोंक हो गई। सभासदों ने ईओ पर अभद्र भाषा का आरोप भी लगाया है। कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने मामले को शांत कराया जिसके बाद सभासद ईओ से बिना वार्ता करे वापिस लौट आए। बता दें कि खराब पड़े वाटरकूलर, जगह-जगह हो रहे गड्ढे, मैन होल, पेयजल समस्या, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें व वार्ड में होने वाले विकास कार्यों को लेकर सभासद गुरुवार को गांधी पार्क के नगरपालि. का कार्यालय में ईओ धर्मराज राम से मिलने पहुंचे जहां उन्होंने समस्याओं व विकास कार्यों को लेकर ईओ से वार्ता की। इस दौरान किसी बात को लेकर ईओ की सभासदों से नोकझोंक हो गइ जिसके बाद कार्यालय के अन्य कर्मचारी आ गए और उन्होंने मामले को शांत कराया। सभासदों ने आरोप लगाया कि जब ईओ से अपने-अपने वार्डों में चल रहे कार्य की प्रगति में जानकारी ली तो ईओ ने सभासदों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। सभासदों ने आरोप लगाया है कि पालिका कार्यालय में उनसे पानी तक को नहीं पूंछा गया। इस दौरान सभासद अमन कोरी, तरुण कुमार नीरज, मोहित दिवावकर, मनोज गुप्ता, नवकांत शर्मा, शिवकुमार सैनी आदि रहे।

# नौ करोड़ रुपये की लागत से तहसील में बनेंगे अधिकारियों के आवास सर्वे का कार्य हुआ पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों की समस्या को दूर करने के लिए अब शासन ने तहसील स्तरीय अधिकारियों के लिए तहसील मुख्यालय पर ही आवास बनाए जाने को मंजूरी दी है यहां बनाए जाने वाले आवासों के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने मिट्टी का परीक्षण भी कर लिया है जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पहले चक्कर की मिलक में ट्रांजिट हॉस्टल बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को दिए थे उनके निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं ने दो ब्लॉक का पूरा प्रोजेक्ट तैयार कर उच्चाधिकारियो को भेज दिया जिसमें 13 करोड रुपए खर्च होने की संभावना जताई गई अब पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को सदर तहसील, कांठ और ठाकुरद्वारा में राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर बनाने के निर्देश दिए गए हैं सदर तहसील में राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों के लिए एक आवासीय परिसर का निर्माण कराया जाएगा सर्वे के आधार पर जांच टीम ने इसका आकलन भी कर लिया है।

परिसर के निर्माण पर करीब 28 करोड़ की लागत आनी है इन परिसर के निर्माण से अधिकारी और कर्मचारियों को आवास मिलने के कार्य में तेजी आएगी बताया गया कि कांठ में आवासीय परिसर के निर्माण पर करीब 9 करोड़ और ठाकुरद्वारा में 10 करोड रुपए खर्च होंगे। स्थानीय स्तर की कार्य योजना में शामिल करने के लिए प्रांतीय खंड को भेजा गया है भवन बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में तैनात अधिकारियों को अब तहसील मुख्यालय पर ही रहने की सुविधा प्रदान हो जाएगी।

# बिना मान्यता के संचालित 38 स्कूलों पर एक-एक लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महीने भर पहले बिना मान्यता के बंद कराए गए तीन ब्लॉको के निजी विद्यालयों में से 38 विद्यालयों के दोबारा संचालन होने का मामला सामने आया है। इस पर बीएसए अलका शर्मा की ओर से प्रत्येक विद्यालय पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बीएसए के अनुसार, माह अप्रैल में खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से ब्लॉक बनियाखेड़ा, संभल व रजपुरा में चौकिंग कराकर बिना मान्यता के संचालित निजी विद्यालयों को बंद कराया गया था। इसके बाद सामने आया कि बंद कराए गए विद्यालयों में से बिना मान्यता के 38 विद्यालय दोबारा से संचालित किए जा रहे हैं। बीएसए के मुताबिक बंद होने के बाद बिना मान्यता दोबारा संचालित होने वाले 38 निजी विद्यालयों में ब्लॉक बनियाखेड़ा के आठ संभल के नौ तथा रजपुरा के 21 विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से इन सभी विद्यालयों के संचालकों को नोटिस जारी कर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नोटिस का जबाव न मिलने पर संबंधित फाइल जिलाधिकारी को भेज दी जायेगी। इसके बाद जिलाधिकारी की ओर से आदेश जारी कर इन विद्यालयों के संचालकों से एक-एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

## जेल में बितायी अवधि व दो हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

**चन्दौसी।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में शुक्रवार को मु0अ0सं0 46/2008 धारा 25 आयु अधिनियम थाना गुन्नौर जिला संभल में पुलिस प्रभावी पैरवी पर संबंधित अभियुक्त सत्यपाल सिंह पुत्र दंगल सिंह नि0 घौसला वाहन थाना जरीफनगर जनपद बदायूं को माननीय न्यायालय एसीजे ( जू.डी. ) जे.एम. 07 जनपद बदायूं द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए।

जेल में बितायी गयी अवधि 12 दिवस के करावास व 02 हजार रु0 के अर्थदंड से दंडित किया गया। सजा कराये जाने में अभयदीप एपीओ, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 धर्मेन्द कुमार तथा कोर्ट पैरोकार आरक्षी पदीप कुमार थाना गुन्नौर का सराहनीय योगदान रहा।

# शौर्य का प्रतीक सिंदूर

भारतीय महिला के माथे का सिंदूर न केवल सुहाग का, बल्कि शौर्य का प्रतीक भी है। ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। यह बात सौ प्रतिशत सही है कि भारतीय महिलाओं का सुहाग सिंदूर से ही प्रतीत होता है, लेकिन जिस तरह पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर महिला के पतियों और महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया, तभी से ये सिंदूर शौर्य का प्रतीक बन गया है। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अभी तो ये केवल ट्रेलर है, फिल्म तो अभी बाकी है। उनका कहना था कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। रक्षा मंत्री ने बताया कि अभी पाकिस्तान को एक मौका दिया जा रहा है कि वह सुधर जाए, नहीं तो अबकी बार उससे भी बड़ा हमला हम करेंगे। उनका यह कहना जवानों में और जोश भर गया। वास्तव में भारतीय सेना दुनिया की सबसे अनुशासित सेना है। चीन की सेना पैसों के लिए लड़ती है, जबकि भारत की सेना देश के लिए लड़ती है। जिस शौर्य से भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में नाकाम किया है, उससे भारतीय सेना की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोषता है और इसके लिए वह आईएमएफ से धन भी लेता है। आईएमएफ को धन देने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि पाकिस्तान किस मद के लिए धन ले रहा है, लेकिन आईएमएफ ने भी शायद आंखें बंद कर ली हैं। भारत ने आईएमएफ को याद दिलाया है कि वह पहले पाकिस्तान से यह पूछे कि वह धन किस लिए ले रहा है, अगर अपने देश के विकास के लिए धन चाहिए, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है। अगर पाक आतंकवाद के लिए धन मांग रहा है, तो फिर भारत अपनी आपत्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठा सकता है। पाकिस्तान ने एक बार अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान वादा किया था कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ है, लेकिन उसने धोखा दिया और अब तक धोखा देता आ रहा है। अब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद समर्थित होने के और सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। भारत की मंशा साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं कर देता, उससे किसी प्रकार की कोई बात संभव नहीं है। इसीलिए अब भारत सरकार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट करने हेतु बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजने जा रही है। कांग्रेस ने इस पहल में भाग लेने की सहमति दी है। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाया गया है। जब पाकिसतान के खिलाफ सबूत एकत्र हो जाएंगे, तब उन्हें यूएन में रखा जाएगा और तब पाकिस्तान दुनिया से अलग-थलग हो जाएगा। भारत की यही रणनीति है। उधर पाक का साथ देने के लिए तुर्की के बायकाट की तैयारी भी भारत ने तेज कर दी हैं। भारत पाकिस्तान के बीच जब तनाव का माहौल था, तब तुर्की ने सबसे पहले पाकिस्तान का साथ दिया था। जिसके बाद से भारत में तुर्की के सेबों का बायकाट ट्रेंड तेजी से चल रहा है। इसके कारण तुर्की को 821 करोड़ का झटका लग सकता है। भारत में तुर्की उत्पादों का बहिष्कार होना शुरू हो गया है, खासकर सेब का। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। तुर्की ने पाकिस्तान की मदद की, जिसमें ड्रोन की आपूर्ति भी थी। जब से ये सच तुर्की का सामने आ गया, तब से भारत में बॉयकाट का ट्रेंड तेजी से चल रहा है।

## इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह को बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भाजपा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए, हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं, सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है, इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, भाजपा मूक-दर्शक बनी नहीं रहेगी और श्री मोदी छिपे नहीं रह सकते, अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा वड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात श्री मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन-सहमति और संरक्षण है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस प्रवक्ता**

# हाईपरटेंशन से जन्म लेती हैं अन्य बीमारियां




बदली जीवनशैली के चलते देश-दुनिया में बड़ी संख्या में लोग हाईपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त हैं। हाई बीपी कई दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह बनता है। इसका नियमित चेकअप जरूरी है। वहीं यदि लक्षण सामने आएं तो डॉक्टरी सलाह से उपचार कराना चाहिए।

हाईपरटेंशन हमारी सेहत के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा भी बढ़ता है, लेकिन आजकल अनियमित जीवनशैली के चलते कम उम्र के व्यस्कों में भी इसका खतरा बढ़ गया है। हाईपरटेंशन पीड़ित अधिकतर लोगों को जागरूकता न होने पर पता ही नहीं चलता, जब तक कोई समस्या न खड़ी हो जाए। दुनिया में एक बहुत बड़ी तादाद में लोग हाईपरटेंशन से ग्रस्त हैं जिनमें से दो-तिहाई लोग विकासशील देशों में हैं। भारत की बात करें तो हर तीन में से एक व्यक्ति को हाईपरटेंशन की समस्या है। गांवों में 10 प्रतिशत व शहरों में 25 प्रतिशत लोग इससे ग्रस्त हैं। मरीजों में से दो-तिहाई की उम्र 60 साल से कम होती है। वहीं 85 प्रतिशत लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें हाईपरटेंशन के विकार के साथ कोई दूसरी बीमारी भी होती है।

### क्या है हाईपरटेंशन

हृदय हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और उससे ब्लड सर्कुलेशन पूरे शरीर में होता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय होने वाले ब्लड के दवाब को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है तब प्रेशर ज्यादा होता है जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। वहीं दूसरी बीट से पहले हार्ट रिलेक्स कर रहा होता है तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। विभिन्न व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर में अंतर हो सकता है। व्यक्ति को ब्लड प्रेशर के नंबर जानना जरूरी है यानी सिस्टोलिक (ऊपर वाला) और डायस्टोलिक (नीचे वाला) का पता होना चाहिए। ब्लड प्रेशर दैनिक प्रक्रियाओं से प्रभावित होता है। अगर व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे अधिक हो तो इसे हाईपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर की अवस्था कहते हैं। कई बार हार्ट आर्टरीज पर दबाव पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक हो जाती है। ब्लड सर्कुलेशन बाधित होने पर ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जबकि स्वस्थ रहने के लिए ब्लड प्रेशर के दोनों पॉइंट्स को कंट्रोल करना जरूरी है। खासकर 55-60 साल से ज्यादा उम्र के बाद सिस्टोलिक हाईपरटेंशन का नियमित चेकअप कराना जरूरी है। इससे कार्डियोवेस्कुलर डिजीज होने का खतरा रहता है।

### दो तरह का हाईपरटेंशन

**प्राइमरी हाईपरटेंशन**- इसके अधिकतर मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर का कोई कारण स्पष्ट नहीं होता।

**सेकेंडरी हाईपरटेंशन**-यानी किसी बीमारी या दूसरे कारणों से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाईपरटेंशन को नियंत्रित रखने के लिए इसके कारण को जानना जरूरी है। करीब 95 प्रतिशत लोगों को बिना किसी कारण से एसेंशियल हाईपरटेंशन है जिसे मेडिसिन और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाकर कंट्रोल किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

मरीजों की बड़ी संख्या है, जिन्हें हाईपरटेंशन के कारणों का पता नहीं लगता, जिनमें कारणों का पता चल जाता है, उनका समुचित इलाज किया जा सकता है। छोटे बच्चों और युवाओं में हाईपरटेंशन के कई सेकेंडरी कारण रहते हैं। जैसे-अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, खाने में नमक की अधिकता, पढ़ाई और कैरियर को लेकर तनाव, मोटापा, किडनी की बीमारी, आर्टरीज में ब्लॉकेज, हार्मोन संबंधी तकलीफ, गर्भावस्था, थायरॉयड, फैमिली हिस्ट्री, स्मोकिंग, एल्कोहल और नमकीन स्नैक्स का अधिक सेवन।

### कैसे जानें हाई ब्लड प्रेशर को

हाईपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इससे ग्रस्त 90 % रोगियों में इसके कोई लक्षण नहीं होते। बढ़ने पर सिरदर्द, धड़कन तेज होना, चलते समय सांस फूलना, चक्कर आना व थकावट आदि लक्षण होते हैं।

### क्या है रिस्क

सामान्य व्यक्ति में सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 और डायसिस्टोलिक 90 से नीचे होना चाहिए। जबकि डायबिटीज के मरीजों में रिस्क बहुत बढ़ जाता है इसलिए उनका ब्लड प्रेशर 130/80 से कम होना चाहिए।

हाई ब्लड प्रेशर को पहचानकर सही इलाज न हो तो इसका बढ़ा हुआ स्तर हार्ट,ब्रेन, लिवर, आंखों आदि को क्षति पहुंचाता है। मरीज को कई समस्याएं हो सकती हैं जैसे- हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन स्ट्रोक, पैरालाइसिस होने का खतरा, रेटिनल हैमरेज, पेरिफरल मस्कुलर डिजीज, किडनी फेल्योर आदि।

### समुचित उपचार है जरूरी

हाईपरटेंशन के मरीज लक्षण या दिक्कत महसूस न होने पर आमतौर पर उपचार कराने से कतराते हैं, लेकिन इससे उनका ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और दूसरी समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है।

जबकि हाई ब्लड प्रेशर की जांच शुरुआती स्टेज पर होने और समुचित ध्यान रखने पर इसे ठीक किया जा सकता है। डॉ. मरीज को जीवनशैली में बदलाव लाने की सलाह देते हैं। अगर 2 महीने तक मरीज का हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में नहीं आता, तो उसे मेडिसिन दी जाती हैं।

### ऐसे करें बचाव

जरूरी है नियमित रूप से हाई ब्लड प्रेशर की जांच करवाएं और जानें कि आपका ब्लड प्रेशर स्टेटस क्या है। अगर आप प्री. हाईपरटेंशन मरीज की कैटेगरी में आते हैं तो इससे बचाव के समुचित कदम उठाने जरूरी हैं। समुचित जांच, सही सलाह और जीवनशैली में बदलाव से सिस्टोलिक हाईपरटेंशन को नियंत्रित किया जा सकता है। खासकर युवाओं को अपना ब्लड प्रेशर जरूर चौक कराना चाहिए।

अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा हो तो डॉ. को कंसल्ट करें। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल-सब्जियां हों। केला, मौसमी, अनार, नारियल पानी जैसे पोटेशियम रिच पदार्थों का सेवन अधिक करें। फास्ट फूड, जंक फूड व वसायुक्त आहार से परहेज करें। ज्यादा नमक वाली चीजें कम खाएं। चाय-कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करें। घर पर ब्लडप्रेशर मॉनीटर से रेगुलर चेक करें। अगर आपका ब्लड प्रेशर काफी समय से 140/90 मिमी एचजी से अधिक हो तो डॉक्टर के परामर्श से नियमित दवाई लें। वॉक, योगा, मेडिटेशन या एक्सरसाइज करें।

**सोशल मीडिया पर सेना और शहीदों के परिजनों को निशाना बनाते ट्रोलर्स के रवैये से देश में आक्रोश देखा गया। शहीद की विधवा हिमांशी नरवाल द्वारा कश्मीरियों के प्रति सौहार्द की अपील को भी ट्रोल किया गया। राजनीतिक दबाव के चलते मंत्री शाह के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मंत्री को संवेदनशील समय में जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए।**

# समाज से कब बंद होंगे नफरती बोल

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गई। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था।

निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिए वक्त की आवाज भी थी, लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ गटर की भाषा इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगाई। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिए गुहार लगाई तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं, लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की।

यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिए कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि




चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिए अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिए सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# दरगाह-ए-आलिया नजफ-हिन्द आज भी है एकता की मिसाल

दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा भारत की अहम दरगाहों में से एक है। इसकी अहमियत तब ओर भी बढ़ जाती है, जब इसे नजफ-ए-हिन्द के खिताब से नवाजा जाए। इसमें जरा भी शक नहीं है कि इस जगह मुश्किल कुशा हजरत अली के कदम आए हैं। इसी वजह से इस जगह से न सिर्फ लोगों की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, बल्कि ऐसे-ऐसे काम बने हैं, जो मुमकिन नहीं थे।

### जोगीपुरा कैसे पहुंचे

जोगीपुरा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से जोगीपुरा दरगाह की दूरी मात्र 12 किमी है। जोगीपुरा एक छोटा सा गांव है। सड़क के किनारे लोग बसे हुए हैं। इस गांव से एक मील की दूरी पर रायपुर सादात है। बादशाह शाहजहां के दीवान सैयद सलाउद्दीन इसी गांव के रहने वाले थे। सैयद राजू उन्हीं के बेटे थे, जिनके जमाने में जोगीपुरा में चमत्कार (मौअज्जा) हुआ। आज से लगभग 400 साल पहले यह बाग जंगलों से घिरा था। दरगाह के उत्तर में आज भी पहाड़ नजर आता है।

### करिश्मा क्यों हुआ

इस बाग और जंगल की किस्मत उस समय चमकी जब इस भारत की जमीन पर हजरत अली अपने चाहने वाले से मिलने के लिए आए। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि यह जगह हमें पसंद आ गई है। यहां रोजा बनाओ, जो नहीं जानते, वे जान लें कि हजरत अली आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.) के वली उत्तराधिकारी, शियो के इमाम, सुन्नियों के चौथे खलीफा, रसूल की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा के शोहर का नाम है। इराक के शहर नजफ में हजरत अली की कब्र है। हजरत अली भारत के जोगीपुरा में कैसे और क्यों आए। यह सवाल उठा रहा हूं, ताकि लोगों को इस जगह का महत्व पता चल सके। हजरत अली हर उस व्यक्ति की मदद के लिए आए, जो उन्हें पुकारता है। भले ही वह किसी भी धर्म का हो। अब फिर सवाल उठता है कि हजरत अली को किसकी मदद के लिए आना पड़ा। सन 1657 की बात है अपने बाप शाहजहां को कैद करने के बाद औरंगजेब ने अपने को बादशाह घोषित कर दिया, अपने पिता शाहजहां के वफादार कर्मचारियों और सिपाहियों को ढूंढ-ढूंढकर कत्ल करवा रहा था, उन्हीं में एक सैयद राजू भी थे, सैयद राजू को डर था कि औरंगजेब उन्हें नहीं छोड़ेगा वह उन्हें तलाश कर जरूर कत्ल करवाएगा, चूंकि सैयद राजू हजरत अली की शक्ति और ताकत जानते थे। इसलिए वह अपने गांव जोगीपुरा के पास के जंगल में आ गए। कोई देख न सके इसलिए वह पेड़ पर बैठ जाते और 'या अली अदरिकिनी' यानि या अली मदद करो पढ़ते रहे। अंधेरा हो जाता, जो छिपकर अपने घर आ जाते और वहां भी हजरत अली से मदद मांगते रहते। काफी दिन बीत गए थे, लेकिन उनके दिल से यह डर नहीं निकल पाया था कि औरंगजेब उनका कत्ल नहीं कराएगा वह रोजाना सवेरे इसी जंगल में आ जाते और दिल से पुकारते। नमाज में औरंगजेब के शर से बचाने की दुआएं मांगते। 'नादे अली' पढ़ा करते। सैयद राजू ने यह तय कर लिया था कि हजरत अली ही उन्हें औरंगजेब के हाथों कत्ल होने से बचा सकते हैं। इसलिए वह सोते-जागते हर दम हजरत अली को पुकारते ही रहे। एक दिन सैयद राजू की तबियत कुछ खराब हुई। वह इस हालत में नहीं थे कि जंगल में जा सकें। इसलिए उन्होंने अपने पहरेदारों को लगा दिया कि कहीं से भी कोई आए, फौरन सूचना दें, ताकि जान बचाई जा सके। हर आदमी सतर्क और चौकन्ना था। उस दिन गांव का एक बूढ़ा ब्राह्मण इसी जगह से घास काट रहा था, जिस जगह आज हजरत अली को रोजा है। घास काटते-काटते इस ब्राह्मण के कानों में घोड़े की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण चौंका



### कौन थे सैयद राजू

सैयद राजू जोगीपुरा के रईस सलाउद्दीन के बेटे थे, उनके इंतकाल के बाद बादशाह ने उनके पुत्र सैयद राजू को उनकी जगह नियुक्त कर लिया था।

### मजलिस का आगाज


हर साल की तरह इस साल भी चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश से लाखों जायरीन आएंगे, दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़वी ने बताया कि चार दिवसीय मजलिसों से पूर्व जायरीनों के लिए सभी इंतेजाम पूरे कर लिए जाएंगे।

इधर-उधर देखने लगा। उसे लगा कि आज कोई मुसीबत सिर पर आ गई है। उसने इरादा किया कि चल कर किसी तरह सैयद राजू को खतरे की सूचना दी जाए। अभी वह अपनी जगह से उठा ही था कि दो घुड़सवार उसके सामने आ गए उन्हें देखकर ब्राह्मण की हालत खराब हो गई। घुड़सवारों ने उसकी तरफ इशारा करके कहा कि मेरे सरदार तुम्हें बुला रहे हैं। घुड़सवार ब्राह्मण को सरदार के पास ले गए। सरदार ने ब्राह्मण से सवाल किया कि तुम मांगने की क्या सोच रहे हो। यह सवाल सुनकर ब्राह्मण सकपका रह गया और बहाना बनाना चाहा, मगर सरदार ने ब्राह्मण से कहा कि डरो नहीं औरंगजेब का लश्कर नहीं है। हम सैयद राजू की मदद करने वाले हैं। घराबाओ नहीं फौरन जाओ और सैयद राजू से कहो कि जिसको तुम रात-दिन पुकारते हो, वह आज आए हैं। यह भी कह देना कि यह जगह हमें पसंद आई है तुम यहां हमारे नाम से एक रोजा बनाना। बूढ़े ब्राह्मण ने सरदार के हुक्म को सुनकर इतना कहा कि मेरी आंखों में रोशनी कम है, इसलिए मैं सैयद राजू के पास जल्दी नहीं पहुंच सकता। सरकार ने कहा कि तुम आंख बंद करो और थोड़ी देर में आंखें खोली, तो रोशनी सही हो चुकी थी। यह देख ब्राह्मण सैयद राजू को बुलाने के लिए उनके मकान की तरफ भागा और सारा हाल सैयद राजू को बताया। सैयद राजू यह सुनकर समझ गए कि कौन आया है। हजरत अली का नाम लेते हुए वह जंगल की तरफ भागे। उन्हें भागते देखकर उनके चाहने वाले भी उनके पीछे भागने लगे। सैयद राजू ने लोगों को मना किया पर लोग नहीं माने। आखिर सैयद राजू अब उस जगह पहुंचे, तो उन्हें वहां कोई नकाबपोश नजर नहीं आया। सैयद राजू को उस जगह घोड़े की टाप के निशान और घोड़े के मुंह से निकला झाग दिखा ई दियां वह इस जगह बैठकर बहुत देर तक रोए। घोड़े की टाप के निशान को सुरक्षित कर लिया। चौकी के इर्द-गिर्द रोजा बनवाया गया।

### रोजे की तामीर

जंगल में रोजे का निर्माण करना आसान काम नहीं था, लेकिन यह काम हजरत अली की मदद से बड़ी आसानी से हो गया। रोजे के निर्माण का काम कब शुरू हुआ। इस बारे में कोई तारीख नहीं मिलती। इस जगह पर और खुदाई की गई, तो पानी का चश्मा निकला। इस पानी से मरीजों को शिफा मिलती है। इस चश्मे का पानी हल्का मीठा है।

**सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर- 9837776610**
**email id-ziaabbaszaidist@gmail.com**



ज़िया अब्बास ज़ैदी

# भारत-अफगान संबंधों में बढ़ी नजदीकियां

## जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात

नई दिल्ली, वार्ता



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा।

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था।

तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था। तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के जाइंट सेक्रेटरी आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी। उस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। अब एस जयशंकर और मुत्ताकी की फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत ने पिछले 20 सालों में अफगानिस्तान को 20 हजार करोड़ रुपये की मदद कर चुका है। पिछले साल नवम्बर में तालिबान ने मुंबई स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास में अपना डिप्लोमैट अपाइंट किया था। रूस, चीन, तुर्की, ईरान और उज्बेकिस्तान में पहले से ही अफगान दूतावास हैं। कतर के मीडिया संस्थान अलजजीरा ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्तों में धीरे-धीरे नजदीकी बढ़ रही है। एक्सपर्ट राघव शर्मा ने कहा कि भारत जानता है कि तालिबान सरकार को नजरअंदाज करना अब मुमकिन नहीं है। भारत हमेशा अफगानिस्तान को 'रणनीतिक रूप से अहम' देश बताता रहा है। जब तालिबान सत्ता में आया, तो भारत ने उसे लगभग नजरअंदाज कर दिया था और सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही ध्यान दिया। तालिबान के पाकिस्तान के रिश्ते अब अच्छे नहीं हैं। ऐसे में वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वे सिर्फ पाकिस्तान के भरोसे नहीं हैं। तालिबान अब भारत जैसे देशों से संपर्क बढ़ाकर यह दिखाना चाहता है कि उनके पास और भी विकल्प हैं और वे सिर्फ पाकिस्तान की कठपुतली नहीं है।

## पंजाब के जालंधर में पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार

**जालंधर।** गुजरात पुलिस ने शुक्रवार को जालंधर पुलिस की मदद से एक संयुक्त ऑपरेशन में पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद मुर्तजा अली को जालंधर के भार्गव कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अली गांधी नगर में किराये के मकान में रहता था और वहां एक आलीशान कोठी का निर्माण भी करवा रहा था।




**नई दिल्ली। तुर्की के पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी पोस्टर पकड़े हुए।**

## हमने 1971 की जंग का बदला लिया: शहबाज शरीफ

### पाक पीएम ने कहा: शांति के लिए बातचीत को तैयार, कश्मीर मुद्दा शामिल करना होगा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ नें सैनिकों से बात करते हुए कहा कि, इस जंग में हमने 1971 की जंग का बदला ले लिया है। शहबाज ने पंजाब में कामरा एयरबेस पर पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित करते समय यह बात कही।

इस दौरान उनके साथ डिप्टी पीएम इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी थे। इसके अलावा उन्होंने भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। वहीं, पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भारत ने पहले हमला रोका था। भारत-पाक ने 3 बार सीजफायर बढ़ाया इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान और भारत के सैन्य अभियान महा. निदेशकों (डजीएमओ) ने सीजफायर पर चर्चा के लिए हाटलाइन पर बात की। द डान की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को बातचीत होगी। डार ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य संघर्ष रोकने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इसे 12 मई तक बढ़ाया गया और फिर 14 मई और फिर 18 मई तक किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता होगी और सभी समस्याओं का हल निक. ालने पर बात की जाएगी।

## नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 85 किलो हेरोइन बरामद

**तरनतारन।** पंजाब में तरनतारन पुलिस ने ब्रिटेन स्थित ड्रग हैंडलर लल्ली द्वारा संचालित एक सीमा पार, आईएसआई-नियंत्रित-पाकिस्तान आधारित नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उसके भारत स्थित ऑपरेटिव, अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू, गांव भिट्टेवाड़, अमृतसर ग्रामीण निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमरजोत सीमा पार के तस्करों से खेप प्राप्त कर रहा था और पूरे पंजाब में ड्रग्स की आपूर्ति कर रहा था। उसका निवास नेटवर्क के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में काम करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### यमन से आने वाली मिसाइल को रोका गया: इज़रायल

**यरूशलेम।** इज़रायल ने गुरुवार शाम को यमन से उनकी ओर दागी गई मिसाइल को रोक लिया। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा, मैगन डेविड एडोम ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, सिवाय कुछ मामलों में घबराहट और आश्रय की ओर भागते समय लोगों के घायल होने के। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ ने वेस्ट बैंक में एलोन श्वुत की इज़राइली बस्ती में मिसा. इल के कुछ हिस्सों के गिरने की फुटेज प्रकाशित की। आईडीएफ ने प्रक्षेपण के बाद तेल अवीव और यरुशलम सहित मध्य इज़रायल के बड़े क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

### अल नाहयान व ट्रम्प ने की साझेदारी बढ़ाने के लिए वार्ता

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को अबू धाबी में राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वार्ता की। जिसमें दोनों देशों की अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। यूएई की सनकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएम के अनुसार दोनों नेताओं ने निवेश, ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। शेख मोहम्मद ने यूएई-अमेरिका संबंधों की गहराई पर प्रकाश डाला, जो उन्होंने कहा कि पांच दशकों से अधिक समय तक फैला हुआ है।

### भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का पहला परिसर दुबई में खुला

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त शैक्षणिक निकाय, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने भारत से बाहर अपना पहला परिसर संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह संस्थान की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का दुबई परिसर शिक्षा मंत्रालय से अनुमोदन और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के साथ संभव हुआ है।

## इजरायल ने किया घातक हवाई हमला, 93 लोगों की मौत

### गाजा के कई क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही, सैकड़ों लोग घायल

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इजरायल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। शुक्रवार को हुए ताजा हवाई हमलों में कम से कम 93 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें, तो गाजा के दीर अल-बलाह और खान यूनिस जैसे क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही।

इतना ही नहीं जबालिया शरणार्थी कैंप और बैत लाहिया जैसे क्षेत्रों से लोग जान बचाकर पैदल, गाड़ियों और गधों पर सवार होकर भागते नजर आए। बता दें कि इजरायल इन दिनों लगातार गाजा पर हमला कर रहा है। ये हमला ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट


**■ जबालिया शरणार्थी कैंप व बैत लाहिया से लोग जान बचाकर भागते नजर आए**

के आखिरी दिन के दौरे पर थे। हालांकि ट्रंप ने अपने इस दौरे के माध्यम से कई बार ऐसा संदेश दिया है कि वो गाजा पर ध्यान दे रहे है और इस युद्ध को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

मामले में एक विस्थापित नागरिक फैसल अल-अत्तर ने कहा कि सेना ने हम पर बम बरसाए, हमने मुश्किल से घर छोड़ा, कुछ भी साथ नहीं ले पाए। हालांकि इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने शुक्रवार को 150 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल अड्डे और सैन्य ढांचे शामिल थे। साथ ही इजरायली अधिकारियों ने कहा कि ये हमले गाजा में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी हैं और अगर हमास बंधकों को नहीं छोड़ता तो यह आपरेशन जल्द शुरू हो सकता है। हालांकि दूसरी ओर इसी सप्ताह एक नई अमे. रिकी समर्थित संस्था श्गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशनश ने घोषणा की है कि वह महीने के अंत तक गाजा में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर सकती है। इसमें अमेरिकी सैन्य दिग्गज, सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व राहत समन्वयक शामिल होंगे। ध्यान रहे कि इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच ये लगातार तीसरा दिन है जब इजरायल ने गाजा पर घातक हवाई हमला किया है। इससे पहले गुरुवार को इजरायल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर हवाई हमला किया था, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए।

## हांगकांग में कोरोना के 31 मामले मिले

### सिंगापुर अलर्ट पर, कोविड केस में 28 प्रतिशत इजाफा, चीन-थाईलैंड में भी बढ़ सकते हैं मामले



**हांगकांग।** हांगकांग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हांगकांग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। हांगकांग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानक. ारी दी है। इससे पहले सिंगा. पुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है।

सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विक. राल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।

हांगकांग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पाजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। थाइलैंड में क्लस्टर आउटब्रेक के ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं।

## नाइजीरिया में लासा बुखार से मरने वालों की संख्या 138 हुई

**अबूजा।** अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में लासा बुखार के प्रकोप से मरने वालों की संख्या इस साल की शुरुआत से 138 हो गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, नाइजीरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (एनसीडीसी) ने कहा कि अब तक 717 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। एनसीडीसी ने कहा कि इस साल अब तक देश के 36 राज्यों में से कम से कम 18 राज्य वायरल रक्तस्रावी बीमारी से प्रभावित हुए हैं, जिसमें दक्षिणी राज्य ओंडो और उत्तरी राज्य बाउची और तराबा सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां कुल पुष्ट मामलों का 71 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, इस विकास ने देशव्यापी हस्तक्षेप के बावजूद लगातार हॉटस्पॉट का संकेत दिया है। एनसीडीसी ने कहा कि नवीनतम मृत्यु दर के साथ, मृत्यु दर बढ़कर 19.2 प्रतिशत हो गई है, तथा कुल मिलाकर, हताहतों की संख्या में यह वृद्धि चिंताजनक बनी हुई है।

## पुतिन ने की रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख की नियुक्ति

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव को रूसी सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया है। रूसी सरकार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। जनरल साल्युकोव को रूसी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर-इन-चीफ के अपने वर्तमान पद से मुक्त कर दिया जाएगा, जिस पद पर वह 2014 से है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रमुख सैन्य अभियानों की देखरेख की और मॉस्को में रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड की कमान संभाली, जिसमें इस साल 9 मई को आयोजित सबसे हालिया परेड भी शामिल है। तास समाचार एजेंसी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1955 में सारातोव में जन्मे जनरल साल्युकोव दशकों का अनुभव रखने वाले सैन्य अधिकारी हैं।

## हूती ने ली इजरायली हवाई अड्डे पर हमले की जिम्मेदारी

**सना/यरूशलम।** यमन के हूती समूह ने गुरुवार रात कहा कि उसने मध्य इज़रायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर एक नया बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है, जिसे कथित तौर पर रात में इज़रायली रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया था।

हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि हमने हाइप. रसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक गुणात्मक सैन्य अभियान चलाया। प्रवक्ता ने कहा कि बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हवाई नेविगेशन पर प्रतिबंध लगाने के लिए हूतियों का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि इज़रायल गाजा पट्टी के फलस्तीनी एन्क्लेव के खिलाफ़ अपना आक्रमण और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता। इससे पहले रात में इज़रायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यमन से दागी गई एक मिसाइल को रोक दिया। प्रक्षेपण के बाद, आईडीएफ ने मध्य इज़रायल के क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

## रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने पर बातचीत शुरू

### तुर्की में दोनों देशों के प्रतिनिधि मौजूद, ट्रम्प बोले: मेरे बिना कोई डील नहीं हो सकती

**अंकारा।** रूस और यूक्रेन में जंग खत्म करने पर तुर्की में बातचीत शुरू हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल है, जिसकी मध्यस्थता तुर्की के अधिकारी कर रहे हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की कर रहे हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है। बीते 3 साल में ऐसा पहली बार है जब दोनों देशों के बीच शांति को लेकर सीधी बातचीत हो रही है। बातचीत से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेस्की ने कहा कि यह फैसला उन्होंने इसलिए लिया, क्योंकि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन का सम्मान करते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी डेलीगेशन में कोई भी ऐसा शख्स शामिल नहीं है जो वास्तव में फैसले लेता हो। इससे पहले शांति वार्ता में हिस्सा लेने के लिए पहले जेलेंस्की और पुतिन के शामिल होने की चर्चाएं थीं लेकिन क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन इसमें शामिल नहीं होंगे। पुतिन ने शांति वार्ता में न पहुंचने के फैसले के बाद ट्रम्प ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं।

### यूक्रेन ने लड़ाकू मिशन पर एफ-16 जेट से संपर्क खो दिया

**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने लड़ाकू मिशन के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू जेट से संपर्क खो दिया। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पायलट द्वारा तीन हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने और विमान की तोप से चौथे को नष्ट करने के बाद विमान में एक आपात स्थिति उत्पन्न हुई, पायलट ने विमान को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने में कामयाबी हासिल की और फिर विमान से बाहर निकल गया और बाद में उसे ढूंढकर निकाला गया। यूक्रेन ने बताया कि पिछले महीने एक 26 वर्षीय पायलट एफ-16 से जुड़े लड़ाकू मिशन पर मारा गया था।

## बीएलए ने 14 पाक सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली

### कहा: पाकिस्तानी सेना किसी कोने में सुरक्षित नहीं

इस्लामाबाद, वार्ता



**बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 14 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली है। यह हमला 9 मई को बलूचिस्तान के पंजगुर जिले में पाक सेना की गाड़ी पर हुआ था। बीएलए ने 14 मई को सेना का काफिले पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया।

बलूच आर्मी ने पाक सेना के खिलाफ अपने हमलों को आप. रेशन हेरोफ नाम दिया है। बीएलए ने बयान जारी कर कहा, बलूचिस्तान की आजादी का आंदोलन लोगों के समर्थन से मजबूत हो गया है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान के किसी कोने में सुरक्षित नहीं है। बीएलए ने आप. रेशन हेरोफ के तहत पिछले कुछ हफ्तों में बलूचिस्तान प्रांत में 58 से अधिक जगहों पर 78 कार्डिनेटेड हमलों की जिम्मेदारी ली है। 11 मई को बीएलए की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक इनमें केच, पंजगुर, मस्तुंग, क्वेटा, जमुरान, तोलांगी, कुलुकी और नुशकी इलाके शामिल हैं। यहां बीएलए ने पाकिस्तानी सेना, खुफिया ठिकानों और स्थानीय पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाया है। इस बयान में बीएलए ने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवादियों का गढ़ बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उसे आतंकवादी देश घोषित करने की मांग की। बीएलए ने कहा कि वे भविष्य में भी पाकिस्तानी सेना और उनके सहयोगियों पर ऐसे हमले जारी रखेंगे। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने एक्स पोस्ट में कहा: बलूचिस्तान के लोगों ने अपना 'राष्ट्रीय फैसला' दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
Faculty For MCA

Qualification: As per AICTE/AKTU/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to AKTU Lucknow

Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com